श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 278, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 04 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट


क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।



क्रियायोग

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# गुजरात चुनाव का बजा बिगुल

## 1 और 5 दिसंबर को मतदान, 8 को नतीजे

**अहमदाबाद/नई दिल्लीः** गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए दो फेज में एक और पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग ने गुरुवार को चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी 2023 को खत्म हो रहा है। 182 सीटों के लिए हो रहे इस चुनाव में 1 दिसंबर को 89 सीटों पर और 5 दिसंबर को 93 सीटों पर वोटिंग होगी। नतीजे 8 दिसंबर को यानी हिमाचल विधानसभा चुनाव के साथ ही आएंगे। राज्य में इस बार 4.6 लाख लोग पहली बार वोट करेंगे। चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने गुजरात में मोरबी पुल हादसे पर दुख जाहिर किया।




**निष्पक्षता पर बोले- क्रिकेट मैच में अंपायर सवालों में घिरता हैः** चीफ इलेक्शन कमिश्न राजीव कुमार ने कहा- कोई ईवीएम पर सवाल उठाता है और वो चुनाव जीत जाता है तो सवाल बंद हो जाते हैं। हमारा मकसद निष्पक्ष चुनाव है और चुनाव आयोग आज नहीं बना। हमेशा से ही हमारी निष्पक्षता जगजाहिर रही है। हम 100% निष्पक्ष हैं। जब क्रिकेट का मैच होता है तो दोनों टीमें अंपायर को ब्लेम करती हैं। यहां कोई थर्ड अंपायर तो है नहीं। चुनाव आयोग आज तो बना नहीं है ये एक विरासत है। हमारी ड्यूटी यह है कि निष्पक्षता जो पहले से बनी है, उसे हम आगे बढ़ाएं।

**एक वोटर के लिए पोलिंग बूथ, 15 लोगों की टीमः** चीफ इलेक्शन कमिशन राजीव कुमार ने बताया कि गिर फॉरेस्ट के बनेज गांव में रहने वाले भरतदास दर्शनदास के लिए पोलिंग बूथ बनाया जाएगा। इस इकलौते मतदाता से वोटिंग करवाने के लिए 15 लोगों की टीम जाएगी। उन्होंने कहा- भरतदास अपने गांव से बाहर आकर वोटिंग करना नहीं चाहते हैं, इसलिए उनके लिए पोलिंग बूथ और पोलिंग टीम भेजी जाएगी।

**सीएम पद के दावेदार कौन-कौन ?**

**अभी** बीजेपी की ओर से भूपेन्द्र पटेल गुजरात के मुख्यमंत्री हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.आर.पाटिल पहले ही संकेत दे चुके हैं कि राज्य में कोई बदलाव नहीं होगा। बीजेपी के अलावा कांग्रेस और आप भी मैदान में हैं। हालांकि दोनों पार्टियों ने अब तक सीएम कैंडिडेट की घोषणा नहीं की है। बात कांग्रेस की करें तो पार्टी में भरत सोलंकी, अर्जुन मोढवाडिया, शक्तिसिंह गोहिल सीएम पद के लिए रेस में सबसे आगे हैं। आप में अभी तक गोपाल इटालिया ओर इशुदान गढवी सीएम के दावेदार हैं।

**इस बार का चुनाव कितना अलग ?:** पिछली बार से इस बार का चुनाव बिलकुल अलग है। इसकी सबसे बड़ी वजह है- गुजरात में 2017 में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला था, लेकिन अअढ भी इस बार लड़ाई में शामिल है। वहीं पाटीदार आंदोलन की आग भी इस बार शांत है।

### एंटी इनकंबेंसी का भी असर

**गुजरात** में इस बार 4 मुद्दे चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। इनमें मोरबी पुल हादसा, कर्मचारियों की समस्या, महंगाई और पोर्ट पर पकड़े जाने वाला ड्रग्स है। मोरबी पुल हादसे के बाद चुनाव इसी मुद्दे के इर्द-गिर्द सिमट गया है। भाजपा पिछले 24 साल से सत्ता में है, ऐसे में पार्टी के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी का भी असर है।

**2 साइलेंट चेहरे जो चुनाव प्रभावित कर सकते हैं:** गुजरात चुनाव में इस बार 2 ऐसे साइलेंट चेहरे चर्चा में हैं, जो चुनाव प्रभावित कर सकते हैं। इनमें एक नाम पाटीदार आगेवान नरेश पटेल का है, तो दूसरा कोली समाज के सोमाभाई गांडाभाई। नरेश पटेल ने अब तक राजनीति में सीधी एंट्री नहीं ली है, लेकिन गुजरात के 85 लाख लेउवा पटेल समाज के वे सर्वमान्य नेता माने जाते हैं। पटेल कांग्रेस में शामिल होने की कई बार कोशिश कर चुके हैं पर पार्टी हाईकमान से बात नहीं बन पाई थी। वहीं सोमाभाई गांडाभाई भी इस बार गेम चेंजर साबित हो सकते हैं। पाटीदार के बाद कोली समाज की आबादी गुजरात में सबसे ज्यादा है।

# बिहार विस उपचुनावः मोकामा-गोपालगंज में 52.38 प्रतिशत मतदान



**पटना।** बिहार के मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीटों पर संपन्न हुए उपचुनाव में शाम छह बजे तक 52.38 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह सात बजे से शुरू हुई वोटिंग शाम छह बजे सम्पन्न हो गई। गोपालगंज में शाम छह बजे तक 51.48 जबकि मोकामा में 53.45 प्रतिशत वोटिंग हुई है।

सुबह मोकामा के मतदाताओं में गोपालगंज से ज्यादा जोश देखने को मिला। वहां वोटिंग की रफ्तार ज्यादा रही। कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों सीटों पर वोटिंग हुई। मतदान शांतिपूर्ण रहा है। दोपहर बाद गोपालगंज के कई बूथों पर सन्नाटा रहा। गोपालगंज से राजद उम्मीदवार मोहन प्रसाद गुप्ता ने 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। गुरुवार को उन्होंने नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई। आवेदन में उन्होंने नामांकन रद्द होने की अफवाह फैलाने का लगाया आरोप लगाया है। इसमें भाजपा, एआईएमआईएम और बसपा कार्यकताओं को नामजद किया है। एफआईआर में सन्नी सिंह विकास, ई. अर्जुन सिंह, अरमान खान, विशाल सिंह, प्रेम रवि, रोशन कुमार, क्षत्रिय टाइगर यादव, गुड्डू कुमार, अनस सलाम, राजन, अभय यादव को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। एसपी आनंद कुमार ने इन लोगों को हिरासत में लिया है। इधर, भाजपा उम्मीदवार कुसुम देवी ने 50 हजार से अधिक वोटों से जीत दर्ज करने का दावा किया है। राजद उम्मीदवार मोहन प्रसाद गुप्ता ने भी अपनी जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि भारी बहुमत से राजद की जीत हो रही है।

# रैली में इमरान खान पर फायरिंग, घायल हुए

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर रैली के दौरान हमला हुआ है। हमलावर ने इमरान के कंटेनर के पास गोलीबारी की। इस दौरान इमरान खान सहित कुछ और लोग भी घायल हो गए। इमरान खान के पैर में गोली लगी है लेकिन वो सुरक्षित बताए जा रहे हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है और उसे अज्ञात जगह पर लेकर गई है। मीडिया में हमलावर के मारे जाने की खबर भी आ रही है। पाकिस्तान मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, वजीराबाद में जफर अली खान चौक के पास पूर्व पीएम और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के कंटेनर के पास फायरिंग हुई जिसमें इमरान सहित कुछ और नेता घायल हो गए। इस बीच इमरान खान का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने मुझे नई जिंदगी दी है। मैं दोबारा से लड़ूंगा।



**पैर में गोली लगने की खबरः** पाकिस्तान की एआरवाई न्यूज रिपोर्ट की मानें तो गोली लगने से इमरान खान घायल हो गए हैं। उनके दाएं पैर में गोली लगी है और उन्हें करीब के ही अस्पताल में ले जाया गया है। इमरान के करीबी फवाद चौधरी ने कहा कि इमरान के पैर में गोली लगी है। पीटीआई नेता फर्रूख हबीब ने कहा, कायरों ने अपना चेहरा दिखा दिया है। इमरान खान हमले में घायल हैं। पूरे देश को उनकी सलामती के लिए दुआएं करनी चाहिए। जियो टीवी के फुटेज से पता चला है कि 70 वर्षीय खान के दाहिने पैर में चोट लगी है। पुलिस ने इमरान को कंटेनर से बुलेट प्रूफ वाहन में शिफ्ट कर दिया। चैनल ने बताया कि एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस ने उसे अज्ञात स्थान पर ले गई है। शुरूआत में यह बताया गया था कि इमरान खान सुरक्षित हैं और कुछ लोग घायल हुए हैं।

# कनाडा खालिस्तान समर्थक गुटों को आतंकवादी घोषित करे: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कनाडा में कथित खालिस्तान जनमत संग्रह की निंदा करते हुए कहा कि कनाडा सरकार को भारत में आतंकवादी गुटों के रूप में प्रतिबंधित किए गए खालिस्तान समर्थक गुटों को अपने यहां भी आतंकवादी गुट घोषित करना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि खालिस्तानी तत्वों की पृथकतावादी कार्रवाईयों और पंजाब में हिंसा के इतिहास से सभी वाकिफ हैं। भारत को अपेक्षा है कि जिन गुटों को आतंकवादी घोषित किया गया है, उनके साथ कनाडा में भी ऐसा ही सलूख होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि वे खालिस्तान जनमत संग्रह को मान्यता नहीं देता तथा भारत की संप्रभुता का सम्मान करता है।



## रेलवे के इनोवेशन पोर्टल पर 768 संस्थाओं ने कराया पंजीकरण

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की नवाचार चुनौतियों में भाग लेने के लिए अब तक 768 संस्थाओं ने रेलवे नवाचार पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रेलवे ने 13 जून को ह्लरेलवे के लिए स्टार्टअपह्न पहल लॉन्च करके नवाचार यात्रा प्रारंभ की है। अब तक, 13 नवाचार चुनौतियां अपलोड की गई हैं। इनमें 311 प्रस्तावों के रूप में अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। सभी प्रस्तावों का मूल्यांकन दो चरण की प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है और एक नवाचार चुनौती को पहले ही अंतिम रूप दिया जा चुका है।

## भाजपा-कांग्रेस का विकल्प साफ छवि वाली पार्टी आप को मौके दें: केजरीवाल

**सोलन।** आम आदमी पार्टी संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वीरवार सोलन शहर में रोड़ शो किया । रोड़ शो में अधिकतर समर्थक बाहरी राज्यों से यहां पहुंचे थे। खुले वाहन में अरविंद केजरीवाल जनता का अभिवादन करते हुए शहर के माल रोड़ से पुराने बस अड्डे पहुंचे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पांच साल कांग्रेस और पांच साल भाजपा ने शासन किया , लेकिन विकास के नाम पर जनता के साथ धोखा ही किया है । उन्होंने कहा कि मैं तो स्कूल बनाने, स्वास्थ्य सुविधा देने जैसे विकास कार्यों में विश्वास रखता हूँ । दिल्ली में जो विकास करवाये हैं उनके बूते हिमाचल में भी विकास करने के लिए यहां आया हूँ । लोगों के पास पहले कोई विकल्प नहीं था लेकिन अब आम आदमी पार्टी के रूप में विकास का विकल्प मौजूद है । उन्होंने कहा कि मुझे सिर्फ 5 साल का समय चाहिए और जनता के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी । अपने रोड़ शो में अरविंद केजरीवाल ने चुनावों में सोलन से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी पूजा राठौर के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया ।

# शिक्षा मंत्रालय के प्रदर्शन श्रेणी सूचकांक में 7 राज्यों को मिली सर्वश्रेष्ठ रेटिंग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रदर्शन श्रेणी सूचकांक (पीजीआई) 2020-21 में छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश ने लेवल-2 (एल-2) की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है।

कोई भी राज्य अब तक एल-1 का उच्चतम स्तर हासिल नहीं कर पाया है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने गुरुवार को 2020-21 के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रदर्शन श्रेणी सूचकांक (पीजीआई) जारी किया। यह राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों में स्कूली शिक्षा प्रणाली के साक्ष्य आधारित व्यापक विश्लेषण का एक विशिष्ट सूचकांक है। इसमें जिन सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एल-2 रेटिंग दी गई है उनमें केरल, पंजाब, चंडीगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। इन राज्यों ने ने 2020-21 में स्तर क्क (स्कोर 901-950) हासिल किया है, जबकि 2017-18 में इस स्तर में कोई भी राज्य व केंद्र शासित प्रदेश शामिल नहीं था। 2019-20 में इस स्तर में 4 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश थे।




## एमसीडी चुनाव से पहले हिंदुओं को एकजुट करेगी विहिप

**नई दिल्लीः** राजधानी दिल्ली में अब एमसीडी चुनावों की घोषणा कभी भी हो सकती है। सभी राजनीतिक दलों ने इसको लेकर अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। इसी बीच विश्व हिंदू परिषद् (विहिप) की दिल्ली इकाई राजधानी के सभी हिंदू परिवारों को एकजुट करने की मुहिम शुरू करने जा रही है। छः नवंबर से 20 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान में विहिप के 20 हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे। विभिन्न इलाकों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और घर-घर संपर्क के जरिये विहिप कार्यकर्ता हिंदू समुदाय को एकजुट होने का सन्देश देंगे। विहिप के दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष कपिल खन्ना ने कहा कि इस कार्यक्रम को किसी चुनाव से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। विहिप प्रत्येक तीन वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर इसी तरह का अभियान चलाती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान वे वैश्विक परिदृश्य में चल रही घटनाओं को देखते हुए लोगों से एकजुट होने की अपील करते हैं। इस दौरान वे हिंदू परिवारों से सनातन धर्म से जुड़े धार्मिक कार्यों-संस्कारों को समय-समय पर करने और अपने परिवार में हिंदुत्व के मूल नियमों का पालन करने की अपील करते हैं।

# हिमाचल-गुजरात की चुनाव तारीखः कांग्रेस ने ईसी से मांगा जवाब

**नई दिल्लीः** गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनावों के लिए चुनाव आयोग ने कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। जिसके बाद इन होनों राज्यों में विभिन्न राजनैतिक पार्टियों ने अपनी तैयारियों और जनता को अपने पक्ष में लामबंद करने की कोशिशों को और भी धार देनी शुरू कर दी है। वहीं, अलग-अलग पार्टियों के नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला भी लगातार जारी है। इस बीच, कांग्रेस ने चुनाव आयोग से हिमाचल प्रदेश और गुजरात के लिए अलग-अलग तारीखों पर मतदान की घोषणा को लेकर स्पष्टीकरण मांग लिया है। इतना ही नहीं, गुजरात के मोरबी में हुए हादसे को लेकर कांग्रेस ने पीएम मोदी को भी सवालों के कटघरे में खड़ा किया है।



**भाजपा पर लगाए आरोप और चुनाव आयोग से मांगा स्पष्टीकरणः** गुरुवार को कांग्रेस के गुजरात प्रभारी रघु शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा को आधिकारिक खर्च पर कई रैलियां करने का समय मिला। साथ ही उन्होंने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर गुजरात में सार्वजनिक संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप भी लगाया। राजधानी दिल्ली में एआईसीसी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के दबाव के बावजूद गुजरात चुनावों की घोषणा करने के लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने आगे कहा कि साथ ही चुनाव आयोग को संवैधानिक निकाय के रूप में स्पष्टीकरण देना चाहिए कि दोनों राज्यों में चुनावों के लिए मतगणना एक ही दिन होगी, लेकिन अलग-अलग तारीखों पर चुनाव की घोषणा क्यों की गई?

**पीएम मोदी पर भी बोला हमलाः** इस दौरान कांग्रेस के गुजरात प्रभारी रघु शर्मा ने मोरबी में हुए पुल हादसे को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर भी तंज कसा।

उन्होंने कहा कि 'जब यह त्रासदी हुई थी तब कांग्रेस ने सभी राजनीतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए थे लेकिन प्रधानमंत्री जी आधिकारिक कार्यक्रमों के बहाने राज्य में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करते रहे।'

# जमात के प्रतिनिधिमंडल ने किया मंदिर का दौरा, बोले- हिंदू मुस्लिम एकता को कोई नहीं बिगाड़ सकता

**कोयंबटूरः** कोयंबटूर के जमात ने गुरुवार को मंदिर के सामने कार विस्फोट की कड़ी निंदा की है और कहा है कि हिंदू-मुस्लिम एकता को कोई नहीं बिगाड़ सकता। जमात के तेरह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने के प्रयासों के तहत कोट्टई ईश्वरन मंदिर का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने लगभग एक घंटे तक इस घटना पर पुजारियों और अन्य अधिकारियों से बात की। प्रतिनिधिमंडल में उलेमा (मुस्लिम विद्वान) शामिल थे। मंदिर के मुख्य पुजारी सुंदरेशन और सचिव प्रभाकरण ने शॉल भेंटकर सदस्यों का स्वागत किया। उदक्कम इलाके में कुछ दिनों पहले कार में विस्फोट हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह इलाका सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील माना जाता है। पत्रकारों से बात करते हुए जमात के अध्यक्ष इनायतुल्ला ने कहा, इस्लाम ने कभी भी हिंसा का समर्थन नहीं किया है और केवल शांति का पक्ष लिया है। उन्होंने कहा कि पुजारी व अन्य लोगों के साथ बैठक नागरिकों के सभी वर्गों के बीच सांप्रदायिक सद्भाव और शांति बनाए रखने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी।



# हाईकोर्ट की सख्ती के बाद प्रशासन ने बढ़ाई सक्रियता, डीएम ने खुद भ्रमण कर कराई फागिंग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज ।** डेंगू के बढ़ते खतरे को लेकर हाईकोर्ट की सख्ती के बाद जिला प्रशासन एवं अन्य विभाग भी बृहस्पतिवार को अधिक सक्रिय दिखाई दिए। इसी क्रम में फॉगिंग एवं एंटी लार्वा छिड़काव पर जीपीएस के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।

डीएम संजय कुमार खत्री ने बृहस्पतिवार की सुबह नगर निगम एवं स्वास्थ विभाग के अफसरों संग बैठककर डेंगू पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव करने वाली टीम फोटोग्राफ्स भी भेजेगी। इसके अलावा 10-10 स्थानीय लोगों के हस्ताक्षर युक्त फीडबैक भी देना होगा।डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को भी निर्देश दिया कि वे रोजाना कम से कम 10-10 गलियों में जाएंगे और फागिंग, एंटी लार्वा छिड़काव, सफाई आदि की बाबत रिपोर्ट तैयार करेंगे। डीएम ने निर्देश दिया कि इसमें किसी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।बैठक में नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने सफाई, फॉगिंग आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फॉगिंग के लिए 30 अतिरिक्त वाहन भी मंगाए गए हैं। बैठक में सीएमओ नानक सरन, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह आदि मौजूद रहे।



## हाईकोर्ट के आसपास डीएम ने खुद कराई फॉगिंग

न्यायलय की सख्ती का असर हो या फिर लोगों के स्वास्थ की चिंता, कारण चाहे जो भी हो, डीएम ने बृहस्पतिवार को फॉगिंग की कमान खुद ही संभाल ली थी। हाईकोर्ट फ्लाईओवर के नीचे तथा आसपास के क्षेत्रों में उन्होंने खुद फॉगिंग कराई। वह पैदल ही आगे बढ़ते जाते और पीछे-पीछे नगर निगम का कर्मचारी साइकिल पर मशीन से फॉगिंग करता रहा। इस दौरान नगर आयुक्त समेत अन्य अफसर भी मौजूद रहे।



## कांग्रेस महासचिव मुन्ना पांडेय की माता जी का निधन

**जंघई।** कांग्रेस जिला महासचिव मुन्ना पांडेय निवासी वृंदावन, भेलखा की माता जी का निधन हो गया है। गुलाब पांडेय, राजनाथ त्रिपाठी, अशोक पांडेय, बाबा तिवारी, बबलू पांडेय, गरुण पांडेय, अंकुर पांडेय, अजीत पांडेय आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया।

# पत्रकार एसोसिएशन बारा प्रयागराज की बैठक सम्पन्न



**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** बारा तहसील मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को पत्रकार संगठन के गठन हेतु एक बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों ने अपने विचार रखे। संरक्षक महेश प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि हमें राग, द्वेष के बगैर संगठन हित की सोच रखते हुए आगे बढ़ना चाहिये। जिला मीडिया प्रभारी नईम अहमद ने परिवर्तन को विकास की जननी बताया। जिला प्रतिनिधि महामंत्री सुमन्त भार्गव ने सबके विचार सुनने के बाद कहा कि संगठन सर्वोपरि है। सभी का सम्मान संगठन में ही सुरक्षित है। तहसील अध्यक्ष आशीष मिश्र ने अग्रिम बैठकें नियमित करने के साथ ही सभी का आभार प्रकट किया। रावेन्द्र तिवारी ने भी विचार रखे। इस मौके पर आशुतोष त्रिपाठी, दीप चन्द्र शुक्ला, जितेन्द्र शुक्ला, नीरज केसरवानी, मनोज बिन्द, दीपक पाण्डेय, राकेश कुशवाहा, मयंक त्रिपाठी, पवन पाल, मो. अली, मनोज यादव, वितेन्द्र कुमार पाण्डेय कुमार सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे। संचालन निर्भय शंकर दुबे ने किया।



# नए खीरी इंस्पेक्टर का स्वागत

## खनन एवं भू माफियाओं अपराधियों की खैर नहीं,सोनकर

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** नए खीरी इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार सोनकर ने खीरी थाने का चार्ज ग्रहण करने के पश्चात सोशल वर्कर एवं भाजपा के सोनकर समाज के नेताओं ने अंग वस्त्रम के साथ माल्यार्पण कर खैर मकदम किया और प्रधान मंत्री मोदी जी की एक तस्वीर भी सुपुर्द की। इसके पश्चात पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इलाके में खनन तथा भू माफियाओं अपराधियों की खैर नहीं होगी। इंस्पेक्टर सोनकर ने बताया कि अवैध खनन तथा अपराधियों को चिन्हित करने का कार्य शुरू कर दिया है। और यह भी कहा की पूर्ण प्रयास होगा की छेत्र में आगे से अपराध न बढ़े। सोनकर इंस्पेक्टर ने कहा कि कानून और शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले बक्शे नहीं जायेंगें। भाजपा के नरेश कुमार सोनकर सहित कई अन्य सोशल वर्कर्स पत्रकार ग्राम प्रधान संगठन के लीडर मौजूद थे।

# यातायात नियमों का सदैव पालन करें

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** यातायात माह नवंबर 2022 पर जनमानस को जागरूक करने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक यातायात प्रयागराज अरुण कुमार दीक्षित जी से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए सचिव जेल पर्यवेक्षक संतोष कुमार श्रीवास्तव के साथ प्रतिनिधिमंडल ने चर्चा की 2022 यातायात जागरूकता अभियान को नगर क्षेत्र नहीं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में भी चलाया जाए और सभी को जागरूक किया जाए की दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगाएं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाएं नशा करके कोई भी वाहन ना चलाएं यातायात नियमों का सदैव पालन करें आज के मुलाकात करने वालों में श्री कुलदीप धर लक्ष्मी कांत मिश्रा यासीन अहमद शेख मनीष कुमार विश्वकर्मा बंसराज पाल संदीप सोनी आदि तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक यातायात महोदय ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों की चल रही कार्यशाला मैं उपस्थित जनों से जिला अपराध निरोधक समिति डीसी पीसी प्रयागराज के कार्यों के बारे में बताते हुए सभी का परिचय कराया और कहा कि यदि डी सीपीसी का स्वयंसेवक या पदाधिकारी आप लोगों से सहयोग कोई मांगता है तो आप लोग को सदैव सहयोग करना है कार्यशाला मे ट्रेनिंग दे रहे ट्रैफिक निरीक्षक श्री पवन कुमार पांडे जी ने समिति एवं प्रतिनिधिमंडल का परिचय देते हुए समिति द्वारा यातायात विभाग को किए जाने वाले सहयोग की जानकारी दी अंत में पुलिस अधीक्षक यातायात ने सभी का आभार व्यक्त किया।




## कोर्ट के आदेश पर अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 82 का इश्तहार

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** जनपद प्रयागराज के बारा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि मु0अ0सं0 136/2021 धारा 452/376डी/504/506/323 भादवि0 व 3(2)5 एससी / एसटी एक्ट थाना बारा जनपद प्रयागराज से सम्बन्धित आरोपीगण 1.राघवेन्द्र सिंह पुत्र इन्द्रजीत सिंह, 2.विजयपाल सिंह पुत्र अशर्फी लाल, 3.अखिलेश सिंह पुत्र रामजी सिंह व 4.दीपक सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम भेलाव थाना बारा जनपद प्रयागराज के गिरफ्तार न होने पर दिनांक 14.10.2022 को मा0 न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी / एसटी एक्ट इलाहाबाद द्वारा अन्तर्गत धारा 82 द0प्र0सं0 का इश्तहार जारी किया गया है । अभियुक्तगण के विरुद्ध मा0 न्यायालय से प्राप्त धारा 82 द0प्र0सं0 के इश्तहार का तामिला दिनांक 15ड्ड10ड्ड2022 को किया जा चुका है किन्तु अभियुक्तगण मा0 न्यायालय में हाजिर नही हो रहे हैं। अभियुक्तगण लगातार फरार चल रहे हैं। हाजिर न होने की दशा में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।



# विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी का जन्मदिन अभिनव चौधरी और भागीरथी के नेतृत्व में जिला पंचायत सभागार प्रयागराज में बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर उपस्थित सभी देवतुल्य कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों द्वारा माला पहना कर पुष्पगुच्छ अंग वस्त्र पहना करके मुंह मीठा करा कर के केक कटवा कर के सभी ने जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य एवं दीघार्यु की कामना की इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेश सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष सुधाकर पांडे क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा सौरभ सिंह प्रयागराज महानगर महा मंत्री युवा मोर्चा श्याम प्रकाश पांडे युवा मोर्चा कार्यकारिणी एवं विधायक प्रतिनिधि विक्रांत शुक्ला युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमन केसरवानी उर्फ अमन कटरा आनंद सागर वरुण मिश्रा सर्वेश सिंह प्रतीक अस्थाना सत्यम मिश्रा संदीप यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व शुभचिंतक उपस्थित रहे।

# चन्द्रवंश के छठवें पीढ़ी महाराजा यदु के पुत्रों से हैहयवंश व यदुवंश पुराणों में वर्णन,खून एकः ध्रुवचन्द

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** जायसवाल समाज नेबुआ नौरंगिया के सुरेन्द्र जायसवाल एवं रामप्यारे जायसवाल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया भगवान कार्तवीर्यार्जुन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया भगवान कार्तवीर्यार्जुन के यश का गुणगान कविता के माध्यम से कवि छक्की लाल जायसवाल प्रणामी ने सुनाई बैठक की अध्यक्षता भी किया।

बैठक के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय जायसवाल सर्व-वर्गीय महासभा की इकाई उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ध्रुवचन्द जायसवाल थे। बैठक का संचालन रुदल जायसवाल ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ध्रुवचन्द जायसवाल ने भगवान सहस्त्रार्जुन भगवान श्री कृष्ण के वंशजों का विस्तार से वर्णन करते हुए चंद्रवंश के उदय का विस्तार करते हुए कहा कि माता सती अनसूया व अत्रि मुनि के पुत्र चन्द्र,दत्तात्रेय व दुवार्सा हुए। चन्द्रवंश के जनक महाराजा चन्द्र,महारानी तारा व रोहणी के पुत्र महाराजा बुद्ध की पत्नी ईला के पुत्र महाराजा पुरुरवा की रानी उर्वशी/धारणी के पुत्र महाराजा आयु की पत्नी रानी प्रभा के पुत्र महाराजा चक्रवर्ती सम्राट नहुष की पत्नी रानी बिरजा के पुत्र महाराजा ययाति की पत्नी रानी देवयानि एवं शर्मिष्ठा के पुत्र महाराजा यदु के दो पुत्रों महाराजा सहस्राद एवं महाराजा क्रोष्टु सिर्फ दो पुत्रों का वर्णन कर रहा हूं दोनों सगे भाई थे मां भी एक खून भी एक है इसलिए वर्णन आप लोगों के बीच कर रहा हूं क्यों कि कुछ लोग मिथ्या भ्रम फैला रहे हैं कि है-हैहयवंश एवं यदुवंश में खून का रिश्ता नहीं है जबकि महाभारत खिलभाग हरिवंश पुराण एवं श्री राजराजेश्वर कार्तवीर्यार्जुन पुराण में विस्तार से वर्णन है आप स्वजाति भाईयों को बता रहा हूं यह किस्सा कहानी या मनोहर कहानियां मे प्रकाशित किताबों में नहीं पढ़ा हूं पुराणों वह धार्मिक ग्रंथों के आधार पर बोल रहा हूं।

आगे कभी फिर कभी मौका मिलेगा तो बताऊंगा इसी दोनों वंशजों में भगवान सहस्त्रार्जुन और भगवान श्री कृष्ण का प्रादुर्भाव हुआ है। आज भी अधिकतर चंन्द्रवंशियों की वर्तमान पहचान पिछड़ों, वैश्यों, दलितों,आदिवासी,सिख,जैन आदि अल्प संख्यक वर्ग वर्तमान है में भी पहचान है बड़ी संख्या 60 %से 65% तक भारत में निवास करते हैं। इसलिए सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित होगी। पिछड़ों,दलितों,आदिवासियों एवं अन्य जातियों के भी राजाओं के शासन करने का प्रमाण है धार्मिक ग्रंथ उपलब्ध होते ही प्रमाण सहित प्रकाशित कर दिया जाएगा अन्य जातियों के पूर्वजों के इतिहास खंगालने की जरूरत है।

अपने पूर्वजों के शासन काल के स्वर्णिम इतिहास की गहन,मनन करते हुए मनुवादियों के बुने हुए मकर-जाल एवं इनके चंगुलों से बाहर निकलो अपनी-अपनी ताकत को पहचानों एवं सत्ता मे भागीदारी पाने हेतु प्रयास करें सफलता जरूर मिलेगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए ग्राम प्रधान खजुरिया मार्कण्डेय जायसवाल ने कहा कि अब धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने के साथ ही संविधान को भी पढ़ना चाहिए धार्मिक ज्ञान एवं संविधान का ज्ञान होने से समाज प्रगति करेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए रामप्यारे जायसवाल ने युवाओं को आवाहन करते हुए कहा कि युवा ही समाज को नई दिशा देने में सक्षम है इन्हें समाज में सामाजिक, राजनैतिक जागरूक एवं धार्मिक आयोजन करने में अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए युवा प्रोफेसर सत्यानंद कुमार ने कहा कि जेएनयू की फीस मात्र 1700 से 5000 रुपए तक ही हैं। जेएनयू मे प्रवेश करने के लिए बच्चों को तैयारी करना चाहिए सफलता जरूर मिलेगी। बैठक को मुन्ना लाल जायसवाल, शिवानन्द जायसवाल, युवा कुश जायसवाल ने भी सम्बोधित किया। बैठक में समाज के प्रतिष्ठित ध्रुव जायसवाल मोहन जायसवाल आदि मौजूद थे।

# निकाय चुनावः आम आदमी पार्टी ने मांगा सहयोग

## नगर पंचायत शंकरगढ़ के विभिन्न मोहल्लों में निकाला जुलूस

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनैतिक पार्टियों की गतिविधियां तेज होती जा रही हैं। गुरुवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने यमुनापार के नगर पंचायत शंकरगढ़ में जुलूस निकाला और घर-घर जाकर मतदाताओं से आम आदमी पार्टी को सहयोग करने की अपील की।

आम आदमी पार्टी की जिला इकाई के साथ-साथ तहसील इकाई के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत शंकरगढ़ के रामभवन, सदर बाजार, पुरानी बाजार, लाइनपार, रावण टोला, मोटियान टोला, सिंधी टोला समेत विभिन्न मोहल्लों में जुलूस निकाला। हाथ में झाड़ू लिए आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और नगर की विभिन्न समस्याओं के निदान का वादा करते हुए निकाय चुनाव में सहयोग की अपील की। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा, कस्बे के लोगों ने अभी तक लगभग सभी प्रमुख पार्टियों को कुर्सी देकर आजमा लिया है। एक बार आम आदमी पार्टी को भी निकाय चुनाव में जीत दिलाएं। आम आदमी पार्टी द्वारा कस्बे के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। सड़क, बिजली, पानी और साफ-सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।



# 9 नवंबर से शुरू होगा ऐतिहासिक मसुरिया धाम का मेला

## मेले की व्यवस्था के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को जारी किया गया पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** अमिलिया गांव स्थित एक पखवाड़े तक चलने वाला ऐतिहासिक मसुरिया धाम का मेला प्रत्येक वर्ष भांति इस वर्ष भी 9 नवंबर से शुरू होगा।परंतु अभी तक बिजली व जलनिगम विभाग ,पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कोई व्यवस्था नही की गई।

मसूरिया माता के श्रिंगार कर्ता सत्य प्रिय सोनकर व राजा शंकरगढ़ के मेला प्रबंधक अमरेन्द्र प्रताप सिंहने बताया की अमिलिया तरहार गांव स्थित मसुरिया गांव में 9 नवंबर से ऐतिहासिक मेला शुरू होगा।मेले में प्रतिदिन हजारों की संख्या में प्रयागराज, चित्रकूट, कौशाम्बी, फतेहपुर, रीवा मध्यप्रदेश से श्रद्धालू इकट्ठा होते है और रात्रि निवास के बाद मसुरिया माता का दर्शन पूजन करते है।जिसके व्यवस्था के सम्बंध में उपजिलाधिकारी बारा को पत्र लिखा गया है।जिसको देखते हुए लालापुर थानाध्यक्ष शेर सिंह यादव ने 20 उपनिरीक्षक,25मुख्य आरक्षी,50 आरक्षी व ट्रैफिक पुलिस के 4 उपनिरीक्षक 6 मुख्य आरक्षी,10 आरक्षी, घुड़सवार पुलिस 8,फायर सर्विस,पीएसी बल 2 प्लाटून,जल पुलिस व 50 होमगार्ड की मांग किये है।साथ ही उपजिलाधिकारी बारा सुदन अब्दुल्लाह ने बिजली, स्वास्थ्य, जलनिगम,सड़क एवं परिवहन विभाग को पत्र लिखकर मेले की व्यवस्था की तैयारियों को लेकर पत्र लिखा है।परन्तु आज तक मेले की व्यवस्था के लिए कोई भी विभाग नही पहुंचा।ग्राम प्रधान देवेंद्र उपाध्याय ने बताया कि ग्राम पंचायत निधि से मन्दिर परिक्रमा परिसर के आस पास ईंट लगा दिया गया है।मेला क्षेत्र में अस्थाई शौचालय बनाने की मांग की गयी है।

## समाज सेवी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**सहसों।** मृदुभाषी, विनम्र स्वभाव व्यक्तित्व के धनी समाजसेवी शंकट हरण अवस्थी के निधन पर थानापुर में पंडित दया शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर दया शंकर त्रिपाठी ने कहा अवस्थी फूलपुर में पिछले 40 वर्षों से खादी ग्राम उद्योग संस्था से जुड़े रहकर खादी भंडार की पहली दुकान का संचालन करते हुए खादी वस्त्रों का प्रचार प्रसार किया। इस अवसर पर समाजसेवी पिंटू दूबे ,रविंद्र शास्त्री ,लालजी दुबे, दिनेश शुक्ला ,पवन शुक्ला, जय कृष्ण पांडे ,रजत द्विवेदी, हेमंत तिवारी आदि रहे।

## सरेशाम बाइक व मोबाइल लूटने वालों ने नवागंतुक थाना प्रभारी बारा को दिया चैलेंज

**बारा।** बारा थाना क्षेत्र के पाण्डर गांव और पेट्रोल पम्प के बीच रास्ते मे पुष्पराज प्रजापति उम्र 30 साल निवासी पुत्र जयराम प्रजापति निवासी ग्राम अंसवा एम पी पी यल कम्पनी से काम करके घर आ रहा था। तभी पाण्डर गांव के समीप बाइक सवार तीन बदमाशों ने मारपीट की। पुष्पराज ने बताया कि बाइक सवार तीन लड़कों ने बारा जाने का रास्ता पूंछा और पुष्पराज प्रजापति को देशी हथियार (कट्टा) दिखा कर मारपीट कर बाइक वढ70 उछ 1362 छिनैती कर ली, और रियलमी का टच मोबाइल ले कर भाग गए। देखा जाय तो इस पॉइंट पे आये दिन ऐसी घटना होती रहती है।रात 8 बजे हुई इस घटना की बारा थाने में एफ आई आर दर्ज कराई गई है। जहां पुलिस प्रशासन को सूचना मिलते ही बारा थाना प्रभारी अनिल कुमार वर्मा अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तुरन्त जांच पड़ताल कर छिनैती करने वाले युवकों को पकड़ने का आश्वासन दिया।

# बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा की रोचक तथा सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के चंदौहां गांव स्थित रमेश कुमार द्विवेदी जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा गंगापार के संयोजन में सप्त दिवसीय संगीतमय चल रही श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथा व्यास द्वारा श्रीकृष्ण बाल लीला, अकासुर, बकासुर, कगासुर का उद्धार, कालिया मर्दन एवं गोवर्धन पूजा का सुंदर प्रसंग का भ्रमण कराया गया। कथा व्यास डॉ विशुद्धानन्द ब्रहमचारी जी महाराज ने भगवान कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी व गोवर्धन पूजा की कथा श्रोताओं को सुनाते हुए कहा कि भगवान की अद्भुत, नटखट लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणा दायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं करते हुए बाल कृष्ण ने सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज गोपियां शिकायत करने आती थीं। मां यशोदा के डांटने पर कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो तो वह तुरन्त मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। कथा व्यास ने कहा भगवान कृष्ण अपनी सखाओं और गोप ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए। वहां पर गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नृत्य के साथ उत्सव मना रही थीं। भगवान कृष्ण के पूछने पर ग्वालवंशो ने बताया कि आज के ही दिन देवताओं के स्वामी इन्द्र का पूजन होती है। जिससे प्रसन्न होकर इन्द्र ब्रज में वर्षा करते हैं जिससे अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा हमें इन्द्र से बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। श्री कृष्ण की यह बात मानकर ब्रज वासियों ने गोवर्धन की पूजा करने लगे। जिससे कुपित होकर अहंकारी इन्द्र ने प्रभु को ना पहचान कर घनघोर वर्षा करने पर आतुर हो गया पूरा ब्रज मंडल बारिश के जल से जलमग्न हो गया जिस पर भगवान कृष्ण ने गोवर्धन की प्रार्थना कर एक उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिए जिसमें पूरे बृजवासी ग्वालवालों गायों के साथ गोवर्धन के नीचे आश्रय लिए जिसमें अहंकारी इन्द्र को पराजय का मुंह देखना पड़ा। भगवान ने इन्द्र के घमंड का मान मर्दन किया। तत्पश्चात इन्द्र प्रभु की शरण में आकर क्षमा याचना कर शरणागत हुआ। कथा व्यास ने कहा अहंकार प्रभु का आहार है मनुष्य को चाहिए बिना अहंकार किए दूसरों की सेवा पूजा पाठ भक्ति भावना में कल्याण हेतु लीन होना चाहिए जिससे मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा पंडाल में उपस्थित श्रोता भक्तों ने भगवान की बाल लीला की कथा सुनकर भाव विभोर होते हुए आनंदित हुए। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान पंडित यज्ञ नारायण द्विवेदी एवं श्रीमती जयन्ती द्विवेदी द्वारा व्यासपीठ एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारकर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित सत्य नारायण दिवेदी, सुरेश कुमार द्विवेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी, प्रमुख बहादुरपुर अरुणेन्द्र यादव, भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी, ओम प्रकाश शुक्ल, बालकृष्ण शुक्ला, अमलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, चिंतामणि शुक्ल, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, अशोक कुमार मिश्रा, रविन्द्र कुमार शास्त्री सहित बड़ी संख्या में श्रोता भक्तों ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किए।



# अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से महिला समेत दो की मौत दो घायल

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बधवा ताहिरपुर में गुरुवार की शाम अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से महिला समेत दो लोगो की मौत हो गई। दो की हालत गंभीर बनी हुई है। वही ट्रैक्टर चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गया। मौके पर जुटी भीड़ ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। सूचना मिलने पर पहुची पुलिस ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने लाई।

कनिहार बधवा ताहिरपुर की रहने वाली सुनीता बिंद पुत्री हरिलाल बिंद गुरुवार की शाम अपनी भाभी निशा बिंद पत्नी करिया बिंद के साथ बधवा ताहिरपुर चौराहे से जा रही थी तभी एक तेज रफ़्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर दोनों को टक्कर मारते हुए बाइक से गुजर रहे नीबी निवासी रामशंकर शर्मा, शिवमिलन को भी टक्कर मार दिया चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। पुलिस की माने तो सुनीता की मौके पर ही मौत हो गई वही इलाज के दौरान देर रात रामशंकर शर्मा की भी मौत हो गई। सुनीता का ससुराल फूलपुर में है कुछ दिन पहले ही वह अपने मायके आई थी। सुनीता की मौत से उसके मायके व ससुराल में कोहराम मचा है।

## छात्रों को कैरियर से संबधित दी गई जानकारी

**नैनी।** राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय की ओर से बुधवार को संगम मार्डन इंटर कॉलेज, नैनी में क्षेत्रीय कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विश्वमोहन व अतिथि वक्ता दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने बच्चों को कैरियर के बारे में जानकारी दी। उन्हे बताया कि आप इंटर करने के बाद अपना कैरियर कैसे चुन सकते हैं। प्रबधंक शशि कुमार शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्रीमति ज्योति गौड़, कार्यालय प्रमुख रवीन्द्र शर्मा, आयुष मिश्रा, राजकुमार विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# एचआरआई में मिला अजगर

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** छतनाग गंगा तट पर स्थित हरिशचंद्र अनुसंधान केंद्र में गुरुवार की शाम एक विशालकाय अजगर मिलने से हड़कंप मच गया। अजगर घायल बताया जा रहा है। वन दारोगा का फोन न उठने पर कर्मचारियों ने किसी तरह एक डब्बे के नीचे उसे ढक दिया।

गुरुवार की शाम एचआरआई कैम्पस में कर्मचारी टहल रहे थे। अचानक उनकी नजर एक लंबे मोटे अजगर पर पड़ी। अजगर मिलने की सूचना पर मौके पर छात्र व कर्मचारियों का जमावड़ा लग गया। अजगर को पकड़ कर ले जाने के लिए वन दारोगा को कर्मचारियों ने कई बार फोन किया पर उनका फोन नही उठा। बताया जाता है कि अजगर के शरीर पर कई शाही के काटे गड़े थे। किसी तरह दो काटे एचआरआई के कर्मचारियों ने निकाला पर उसके गले के पास से काटे नही निकाले जा सके। अजगर को बड़े टब के नीचे ढक दिया गया है।

## जुए की फड़ पर छापेमारी दो अभियुक्त गिरफ्तार अन्य नदी में कूद कर भागे

**घूरपुर।** घूरपुर के बिरवल गांव के यमुना नदी किनारे लंबे समय से संचालित हो रही जुए की फड़ पर बुधवार की रात घूरपुर थाना प्रभारी घूरपुर अश्वनी कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने छापेमारी की तो पुलिस टीम देख जुआरियों में भगदड़ मच गई। पुलिस भाग रहे दो जुआरियों धनंजय त्रिपाठी पुत्र हरिहर त्रिपाठी ग्राम बिरवल आलोक केशरवानी पुत्र शिव कुमार निवासी इरादतगंज को गिरफ्तार कर लिया। अन्य दर्जन भर जुआरियों में कुछ नदी में कूदकर तो कुछ अंधेरे का लाभ लेते हुए भाग निकले।

## नकवी ने साधा निशाना : कांग्रेस के पास न कोई नीति है न ही कार्यक्रम, यूपी में कुशासन, क्राइम, करप्शन का सफाया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने गुजरात चुनाव की तारीखों को लेकर कांग्रेस द्वारा चुनाव आयोग पर निशाना साधने पर कहा कि जिस पार्टी का टाइम खराब हो, वह इसी तरह से अनर्गल बयानबाजी करती है। कहा कि कांग्रेस के पास अब न कोई नीति रह गई है, न ही कार्यक्रम बचे हैं।

दिल्ली से दोपहर प्रयागराज पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री ने संवाददाताओं से कई मुद्दों पर बातचीत की। कहा कि कांग्रेस पार्टी की तरफ से हर मामले में नकारात्मक बयान ही आता है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर ने कहा कि यह अच्छी बात है कि जो लोग एसी कमरे में बैठकर नकारात्मक बातें सोचते थे, वह कम से कम सड़क पर दिखाई दे रहे हैं। सड़क पर आने के बाद कांग्रेस को जमीनी हकीकत का भी एहसास हो रहा होगा। उन्हें इस बात का एहसास होगा कि देश में जो परिवर्तन आया



है, वह कांग्रेस अपने समय में नहीं कर सकी थी। नकवी ने प्रदेश के गोला गोकर्ण नाथ विस उपचुनाव पर कहा कि लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर दिया है। यूपी में कुशासन, करप्शन और क्राइम का सफाया हुआ है।इस वजह से वहां भाजपा ही चुनाव जीतेगी। इस दौरान मुख्तार अब्बास ने वन नेशन वन इलेक्शन की भी मांग उठाई। कहा कि हर महीने कहीं उपचुनाव होगा तो कहीं विधानसभा चुनाव होगा। इससे बेतहाशा पैसा खर्च होता है और लोग भी परेशान होते हैं। इसी वजह से पीएम मोदी शुरू से ही वन नेशन वन इलेक्शन चाहते हैं।

## जानलेवा हमले के चार अभियुक्त गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने जानलेवा हमले के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान धारा 147, 148, 149, 34, 324, 352, 506, 307 के चार आरोपियों को सेननगर तिराहे से गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की गिरफ्त में आए जानलेवा हमले के आरोपी कीमती पुत्र दादू भाई (निवासी वार्ड संख्या दो, रावण टोला, शंकरगढ़), साजन धइकार पुत्र लुल्ली (निवासी रावण टोला, शंकरगढ़ कस्बा), सचिन पुत्र भोला और बुड्ढा बंसल पुत्र लुल्ली (निवासी उपरोक्त) का चालान भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई ऋतुराज के साथ एसआई अजीत कुमार वर्मा, कांस्टेबल बलिराम सिंह, अनीश कुमार, कांस्टेबल शशिकांत यादव शामिल रहे।

# विधायक के गनर का शव गांव पहुंचा तो मचा कोहराम, अंतिम सलामी के बाद किया गया अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** सप्ताह भर पूर्व राजगीर से नई दिल्ली जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन में कार्बाइन लूट कांड में घायल सिपाही की हुई मौत के बाद वृहस्पतिवार को उसका शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। उसकी मां, पिता व परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुराहाल हो गया।

दोपहर बाद हंडिया के बिझौली घाट पर राजकीय सम्मान के साथ सिपाही का अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम दर्शन को भारी भीड़ जमा रही। हंडिया थाना क्षेत्र के नाहरपुर के रहने वाले राकेश कनौजिया 26 पुत्र अमृतलाल कनौजिया 4 भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर का था, अभी उसकी शादी भी नहीं हुई थी। वे यूपी पुलिस 2018 बैच के सिपाही थे और उनकी तैनाती गाजीपुर पुलिस लाइन में थी। उनकी ड्यूटी गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद विधानसभा सीट से विधायक शोएब अंसारी की सुरक्षा



में लगाई गई थी। 25 अक्टूबर को राकेश कुमार वाराणसी से नई दिल्ली जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस में बैठकर सुरक्षा ड्यूटी के लिए लखनऊ जा रहे थे। सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन शाम करीब साढ़े छह बजे पहुंची तो उनपर हमला कर कार्बाइन लूट लिया गया।घटना में गंभीर रूप से घायल सिपाही राकेश कुमार को इलाज के लिए लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां कई दिनों तक जीवन और मौत से जूझते हुए बुधवार दोपहर उन्होंने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद वृहस्पतिवार को मृतक सिपाही राकेश कुमार कनौजिया का शव उनके पैतृक गांव नाहरपुर बरौत पहुंचा तो कोहराम मच गया।माता अशर्फी देवी तथा दादी विपत्ति देवी अपने नाती राकेश का शव देखते ही बेहोश हो गई। आस पास की महिलाओं ने उन्हें संभाला। मृतक सिपाही के अंतिम दर्शन के लिए क्षेत्र के कई गांवों से लोग घर पहुंचे थे। दोपहर बाद राजकीय सम्मान के साथ उनके शव को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए क्षेत्र के बिझौली गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बता दें कि राजगीर से नई दिल्ली जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस में एक हफ्ते पूर्व हुए कारबाइन लूटकांड में घायल सिपाही राकेश कुमार (25) की बुधवार को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में मौत हो गई थी। वह हंडिया के बरौत के रहने वाले थे। उनका शव बृहस्पतिवार को पैतृक आवास पर लाया गया। हंडिया थाना क्षेत्र के नाहरपुर पोस्ट बरौत गांव निवासी राकेश पुत्र अमृत लाल दो भाइयों में छोटे थे। बड़ा भाई दिनेश कुमार शिक्षामित्र है। पिता खेती करते हैं। अविवाहित राकेश गाजीपुर पुलिस लाइन में तैनात थे। उनकी ड्यूटी गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद विधानसभा सीट से विधायक शोएब अंसारी की सुरक्षा में लगाई गई थी। 25 अक्तूबर को राकेश कुमार वाराणसी से नई दिल्ली जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस में बैठकर विधायक शोएब अंसारी की सुरक्षा ड्यूटी के लिए लखनऊ जा रहे थे। ट्रेन शाम करीब साढ़े छह बजे सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर पहुंची थी। तभी इंजन के पीछे लगी दिव्यांग बोगी में सवार यात्रियों ने एक सिपाही के घायल होने की सूचना गार्ड को दी थी। गार्ड ने घटना से ट्रेन के लोको पायलट को अवगत कराया था।

सूचना मिलने के बाद तत्कालीन जीआरपी थानाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, सिपाही आत्मा राम और अमन शुक्ला बोगी के पास पहुंचे थे, जहां उन्हें सिपाही राकेश कुमार ने लड़खड़ाती जुबान में हमले और कारबाइन लूटने की जानकारी दी थी। गंभीर हालत में सिपाही को जिला अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां हालत नाजुक होने पर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। बुधवार दोपहर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की खबर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। ग्रामीण भी जुट गए।

# उपमुख्यमंत्री ने बैठक कर डेंगू, कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी ने गुरूवार को सर्किट हाउस के सभागार में डेंगू, कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपमुख्यमंत्री जी ने डेंगू के प्रसार को रोकने एवं डेंगू से प्रभावित लोगो के उपचार के सम्बंध में की जा रही कार्रवाईयों की समीक्षा करते हुए कहा कि डेंगू के जो मरीज अस्पताल में भर्ती है, उनकी उचित देखभाल एवं इलाज की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित रहें साथ ही साथ उन्होंने कहा है कि डेंगू के जो मरीज घर पर हैं, उनके स्वास्थ्य की जांच हेतु मेडिकल टीम नियमित रूप से ऐसे मरीजों के घर जाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए नियमित रूप से उनका अनुश्रवण करते रहे। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि मेडिकल मोबाइल टीमों के द्वारा नियमित रूप से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण

## उपमुख्यमंत्री ने सड़कों के गड्ढ़ा मुक्ति कार्य को प्रत्येक दशा में निर्धारित समय सीमा में पूरा किए जाने के दिए निर्देश



कर लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाये साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा है कि मेडिकल मोबाइल टीम के द्वारा प्रतिदिन भ्रमण के दौरान कितनी ओपीडी की गयी है, इसका भी नियमित रूप से अनुश्रवण होता रहे।

उपमुख्यमंत्री जी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु किए जा रहे फागिंग एवं एण्टीलार्वा के छिड़काव में जो दवाएं/केमिकल मिलाये जा रहे है, उसकी जांच हेतु कमेटी गठित कर जांच रिपोर्ट तीन दिन में प्रस्तुत करने के लिए कहा है। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा है कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा है कि बेड एवं प्लेटलेट्स की भी कोई कमी न होने पाये, लोगो का अच्छी तरह से उपचार सुनिश्चित किया जाये। उपमुख्यमंत्री जी के द्वारा डेंगू के मरीजों की स्थिति एवं अस्पतालों में बेड़ों एवं प्लेटलेट्स के बारे में जानकारी लिए जाने पर मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने बताया कि अस्पतालों में बेड़ की कोई कमी नहीं है तथा प्लेटलेट्स की भी कोई कमी नहीं है, जहां से भी डिमांड आ रही है, तत्काल वहां पर प्लेटलेट्स उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि नियमित रूप से फागिंग एवं एण्टीलार्वा के छिड़काव का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि डेंगू के बारे में लोगो को जानकारी दिए जाने एवं डेंगू से प्रभावित लोगो को त्वरित सहायता उपलबध कराये जाने हेतु 33 क्वीक रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया है। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में जल-जमाव है, वहां पर तत्काल जल जमाव को हटाने की कार्यवाही करने तथा जल-जमाव को हटाने के कार्य की क्रास चेकिंग भी कराये जाने के लिए कहा है। आयुष्मान कार्ड के प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने अभियान चलाकर पात्र लोगो का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का निर्देश दिया है। उपमुख्यमंत्री ने सड़कों के गड्ढ़ा मुक्ति के कार्य को प्रत्येक दशा में निर्धारित समय सीमा में पूरा किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, राज्यमंत्री जल शक्ति विभाग रामकेश निषाद, आईजी डा0 राकेश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मृतक हिरण का पोस्टमार्टम कर किया गया अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा के चांद खमरिया मृग वन क्षेत्र मे गुरुवार की सुबह वन विभाग कार्यालय पर एक काले हिरणकी मौत हो गई। सुचना पर विभागीय अधिकारियों में खलबली मच गई।

जिसका पोस्टमार्टम के बाद वन अधिकारियों ने अंतिम संस्कार किया।काले बता दें कि मेजा के चांद खमरिया मृग वन क्षेत्र में गुरुवार को हुए हिरण के मौत के बाद मेजाखास के पशु चिकित्सक डॉ प्रेम कुमार सिंह, मेजारोड व मांडा के डाक्टरों की टीम के द्वारा वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में काले हिरण का पोस्टमार्टम किया गया। फिर वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा मृत हिरण का अंतिम संस्कार किया। वन विभाग की टीम ने मृत काले हिरण के घटनास्थल का जायजा लिया। वन अधिकारियों ने वन विभाग के क्षेत्र मेजा मे हिरण का



अंतिम संस्कार किया। वन क्षेत्राधिकारी अजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मृत हिरण के अवशेष के सैंपल की भी जांच के लिए गई है। काले हिरण के अंतिम संस्कार क्षेत्रीय वन अधिकारी अजय सिंह वन दरोगा लालचंद यादव वन दरोगा सर्वेश कुमार मिश्रा वन दरोगा रामचंद्र यादव सिपाही पीयूष दुबे सहायक कार्यालय मेजा के शत्रुघ्न पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नैनी पुलिस ने चार देशीबम के साथ एक युवक को पकड़ा

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** पुलिस ने अपराधियो की तलाश के दौरान चार देशी बम के साथ गुरूवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुशार बमो के साथ पकड़े गये युवक से पूछताछ करते हुए आगे की कार्यवाही पूरी की गई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पांडेय द्वारा अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु दिए गये निर्देश पर पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित व क्षेत्राधिकारी करछना के पर्वेक्षण में कोतवाली नैनी प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक विपिन कुमार कास्टेबल अभिषेक अवस्थी कास्टेबल अनिल यादव थाने में दर्ज मुकदमे से जुड़े अपराधियो की तलाश कर रहे थे तभी मुखबीर से लेप्रोसी चौराहा क्षेत्र रेलवे क्रासिंग के पास एक युवक को बमो के साथ मौजूद होने की खास सूचना मिली जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक नैनी ने हल्का क्षेत्र में भ्रमण कर रहे पुलिस को एलर्ट कर उसे पकड़े हेतु निर्देशित किया जिसके बाद पुलिस टीम सूचना स्थान पर पहुंची और घेरकर बमो के साथ पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपी की पहचान मो0 दिलशाद पुत्र मो0बशीर निवासी अकारीपुर फूलपुर चमरुपुर जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई पकड़े गये आरोपी को पुलिस टीम गिरफ्तार स्थानो से थाने पर ले आयी सम्बन्धित मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई ।

# शक्ति लक्ष्मण शक्ति नामक रामलीला का मंचन देख दर्शक जनों की आंखें नम हो गई

अखंड भारत संदेश

**करछना।** भडेवरा गांव में नवयुवक रामलीला कमेटी के कलाकारों की ओर से खेली जा रहे दस दिवसीय रामलीला मंचन के अंतिम दिन बुधवार की रात्रि में दर्शकों की भीड़ उमड़ी। लोग कलाकारों का मंचन देख मंत्रमुग्ध रहे। बुधवार की रात में कलाकारों की ओर से अंगद रावण संवाद सहित लक्ष्मण शक्ति नामक रामलीला का मंचन बड़े ही रोमांचक ढंग से किया गया। मेघनाथ की ओर से छोड़ी गई वीर घात नी शक्ति से लक्ष्मण जी मूर्छित हो गए ।जिससे रामा दल में जहां मातम छा गया। वही दर्शक जनों की आंखें नम हो गई। हनुमान की ओर से लाई गई संजीवनी बूटी से लक्ष्मण की मूर्छा समाप्त होते ही रामा दल सहित दर्शकों की ओर से जय श्रीराम के उद्घोष किए गए । हनुमान का अभिनय कर रहे सुशील कुमार ओझा के चमत्कारी कलाओं के प्रति लोग आकर्षित रहे। वही राम का अभिनय यश ओझा और लक्ष्मण का गौरव ओझा ने अभिनय किया । तथा मेघनाथ का अभिनय स्वामी शुक्ला ने किया । और और रावण का अभिनय बड़े ही रोमांचक ढंग से सोनू ओझा ने किया। इस मौके पर पं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी विश्वनाथ प्रसाद शुक्ल अवध नारायण शुक्ल इं अंबरीष तिवारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि केचुहा श्याम नंदन तिवारी भाजपा नेता प्रभा कांत ओझा उमाकांत पांडेय सोनू ओझा सहित आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## कपटी रावण ने सीता का किया हरण

अखंड भारत संदेश

**करछना।** आदर्श रामलीला कमेटी ककरम के कलाकारों की ओर से खेली जा रही रामलीला मंचन को देखने के लिए रात्रि कालीन में राम भक्तों की भीड़ जुटी रही है ।बुधवार की रात में सीता हरण नामक रामलीला का मंचन कमेटी के कलाकारों की ओर से बड़े ही रोमांचक व आकर्षक ढंग से किया गया। जिससे दर्शक जन मंत्रमुग्ध रहे ।मंचन में मायावी रावण की ओर से माता सीता का हरण किए जाने से दर्शक जनों की आंखें भर आई। वही दुखी व चिंतित प्रभु श्री राम और लक्ष्मण माता सीता की खोज के लिए वन में निकल पड़े हुए हैं ।राम का अभिनय रौनक तिवारी और लक्ष्मण का अभिनय मानस मिश्र तथा सीता का अभिनय ज्ञानस मिश्र की ओर से बड़े ही कलात्मक ढंग से किया गया। इनके अभिनयो से दर्शक मंत्रमुग्ध रहे। रामलीला कमेटी के व्यास विनोद कुमार मिश्र पयासी कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र उपाध्यक्ष चंद्रकांत मिश्र व आशीष कुमार पांडेय महामंत्री रवि शंकर द्विवेदी कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार शुक्ल निदेशक कृष्ण देव मिश्र उपनिदेशक अंकित मिश्रा व्यवस्थापक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित कुमार मिश्र व दीपक पांडेय ने दर्शकों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर अरविंद कोटार्य लवकुश धीरज बबलू अनिल विश्वकर्मा मिश्रीलाल सोनकर जीत लाल गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# झोलाछाप महिला चिकित्सक ने ली बच्ची की जान , परिजनों ने किया हंगामा

## बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पतालों पर विभाग मेहरबान

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा/प्रयागराज।** कोरांव में अप्रशिक्षित चिकित्सकों की बाढ़ सी आ गई है, जहां पर चिकित्सकों द्वारा मरीजों के जिन्दगी की परवाह किए बिना मोटी रकम की लालच में उनकी जिन्दगी लेने में तुले हुए हैं। इतना ही नहीं अप्रशिक्षित महिला चिकित्सकों द्वारा खुलेआम सरकार की मंशा के विपरीत प्रसव व गर्भपात भी कराया जा रहा है।

ऐसे फर्जी तरीके से चलने वाले अस्पतालों व संचालकों के विरुद्ध जिम्मेदारों द्वारा कोई कार्यवाही अमल में न लाए जाने के कारण मनबढ़ हो गये हैं और लोगों की जिन्दगी समाप्त कर रहे हैं। जी हां बात हो रही है कस्बा कोरांव के गांधी नगर चौराहे से तुलसी विद्यालय रोड स्थित एक ऐसे बिना मान्यता के संचालित चिकित्सीय केन्द्र की जिसकी संचालिका अप्रशिक्षित महिला आरती है।





गुरुवार को उक्त केन्द्र पर मध्यप्रदेश के अमिलिया पुरवा गांव निवासी विक्रमा तिवारी ने अपने मुरलीपुर कोरांव निवासी सगे संबंधी के साथ बीमार बच्ची (3 माह) का इलाज कराने पहुंचे। आरती केन्द्र पर मौजूद नहीं रही और मरीज के परिजनों को रुकने तथा चिकित्सक को भेजने की बात कही। थोड़ी देर में चिकित्सक राजू शर्मा पहुंचे और बच्ची का इलाज किये और दो दिन की दवा देने के बाद चिकित्सक ने बच्ची को लेकर घर जाने व लाभ न मिलने पर दुबारा दिखाने की बात कही। परिजन बच्ची को लेकर रिश्तेदार के घर मुरलीपुर कोरांव गये। घर पहुंचते ही बच्ची की तबियत और बिगड़ गई।

थोड़ी देर में परिजन बीमार बच्ची को लेकर पुनः उसी चिकित्सीय केन्द्र पर पहुंचे जहां पर उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और परिजनों द्वारा केन्द्र संचालिका आरती समेत चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाने लगे। इसी बीच आरती व उसके पालतू गुर्गों द्वारा मृत बच्ची के साथ गरीब ग्रामीण परिजनों को भगा दिया गया। कस्बा समेत अन्य लोगों की मानें तो उक्त अवैध संचालित चिकित्सीय केन्द्र पर अप्रशिक्षित महिला आरती द्वारा प्रसव व गर्भपात का काम कर मोटी रकम वसूला जा रहा है। प्रसव के दौरान कई महिलाओं के नवजात शिशु की भी मौत हो चुकी है जिस पर हंगामा भी खड़ा हुआ था। लोगों ने जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ऐसी केन्द्र संचालक के खिलाफ कार्यवाही व केन्द्र बंद कराये जाने की मांग की है।

# जर्जर विद्युत पोल गिरने से दर्जन भर लोग हुए घायल

## लालगंज में प्रतापगढ़ रोड पर गिरे चार खंभे, मची अफरा-तफरी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गुरुवार की सुबह स्थानीय नगर में प्रतापगढ़ रोड पर अचानक जर्जर विद्युत पोल गिर गया। जर्जर विद्युत खंभे के गिरते ही तीन पोल और गिर पड़े। लगभग दो सौ मीटर की दूरी में अफरातफरी का माहौल बन गया। इस दौरान लगभग दर्जन भर लोग घायल हो गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल लोगो को सीएचसी भेजवाया। डाक्टरों ने अति गंभीर का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिया रेफर कर दिया।



जर्जर विद्युत पोल गिरने से उसके नीचे दबी मोटरसाइकिल।

स्थानीय नगर में गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे लखनऊ-वाराणसी मार्ग पर जर्जर विद्युत पोल गिर गया उसी के साथ तीन खंभे लगातार टूट कर जमीन पर गिर पड़े। लगभग दो सौ मीटर की दूरी में अफरातफरी का माहौल बन गया।इस दौरान सड़क पर जा रहे लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सुरेश (42) सुत रामनरेश विक्रमपुर मोहनगंज,रवि शंकर (35) संगीयापुर, लालगंज, शिवप्रकाश यादव (40), मनीपुर, लालगंज, भोला यादव मनीपुर को सीएचसी भेजवाया, जहां डाक्टरों ने सभी का इलाज किया वही सुरेश की हालात नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जलेशरगंज के श्यामू, सागरा के जियालाल, भगौतीगंज के कडेदीन, लीलापुर क्षेत्र के रणवीर व रामू, रानीगंज के विनोद कुमार, अनुराग समेत कई लोगो को मामूली चोटे आई। इनमे से कोई खरीदारी करने या फिर कोई तहसील व ब्लाक के कार्यों से आया हुआ था। इस बाबत एसडीओ आशुतोष कुमार सोनकर से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन न उठाने के कारण बात नही हो सकी।

## बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर प्रमोद व मोना ने जतायी नाराजगी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अपने निर्वाचन क्षेत्र रामपुर खास में लालगंज बाजार में जर्जर विद्युत पोल के गिरने से हादसे को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने विद्युत विभाग की लापरवाही पर कडी नाराजगी जतायी है। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने इस दुर्घटना को लेकर गुरूवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को पत्र लिखकर लालगंज बाजार में अपने पूर्व के अनुरोध का जिक्र करते हुए जर्जर लोहे के इन पोलों तथा तारों को फौरन बदलवाये जाने की मांग उठायी है। वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि जिस तरह लालगंज तहसील तथा दीवानी मुख्यालय की बाजार में जर्जर खम्भों विद्युत आपूर्ति के समय गिरे उससे यह साबित हो गया कि प्रदेश सरकार और बिजली विभाग लोगों की जानमाल की सुरक्षा को लेकर किस हद तक गैरजिम्मेदार है। उन्होनें सरकार व प्रशासन को आगाह किया है कि यदि इस हादसे से सबक लेते हुए बाजार से जर्जर तार व सड़े खम्भे एवं ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र में लोगों के घरों के ऊपर लटकते तारों को नही बदला गया तो वह तथा विधायक मोना सदन में सरकार की जबाबदेही हर कीमत पर सुनिश्चित करायेंगे।

## वकीलों ने एसडीएम के तबादले को लेकर किया रणनीतिक मंथन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसडीएम सौम्य मिश्र के तबादले की मांग को लेकर आक्रोशित वकीलों ने गुरूवार को भी प्रस्तावित आंदोलन को लेकर रणनीतिक चर्चा मे मंथन किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता में पदाधिकारियों तथा पूर्व अध्यक्षों ने एसडीएम की कार्यशैली को लेकर सोमवार से आंदोलन को दिशा देने पर विचारविमर्श किया। वहीं संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में तहसील के वकीलों का एक प्रतिनिधिमण्डल दोपहर बाद जिला मुख्यालय अफसरों व जूनियर बार एसोशिएसन के पदाधिकारियों से अपनी मांगो को लेकर मिलने भी रवाना हुआ। बैठक का संचालन महामंत्री शेषनाथ तिवारी ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष बीके तिवारी, विकास मिश्र, रामअंजोर तिवारी, वीरेन्द्र सिंह, शिव नारायण शुक्ल, राकेश शुक्ला, प्रभात श्रीवास्तव, रामकिंकर शुक्ल, सत्येंद्र श्रीवास्तव, ओपी जायसवाल, रमेश पाण्डेय, कालिका प्रसाद पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, संदीप सिंह, सुशील शुक्ला, इरफान, दीपेन्द्र तिवारी, उदयराज पाल, कमलेश तिवारी, केके शुक्ल, पवन पाण्डेय, जान्हवी प्रसाद सिंह, जीतेन्द्र सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

# दूसरे दिन नपा के अतिक्रमण विरोधी अभियान में सौ रुपये का कटा चालान

## जिलाधिकारी के आदेश पर अम्बेडकर चैराहे से डाक बंगले तक चल रहा है यह अभियान



ठेले वाले का चालान काटते नगर पालिका अधिकारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी के निर्देष पर कम्पनी गार्डेन के सामने होने वाले अतिक्रमण को हटाने के लिये आज दूसरे दिन भी नगर पालिका की टीम अपरान्ह में अम्बेडकर चैराहे पर पहुंची। कम्पनी गार्डेन के सामने आज कम दुकानदार दुकान लगाए थे क्योंकि कल भी नगर पालिका ने अभियान चलाकर इन लोगों को खदेड़ा था। आज भी जो दुकानें बची थी, वह नगर पालिका की टीम देखकर भागने लगी। एक फुल्की वाला दुकानदार फंस गया जिस पर 100 रुपये का जुमार्ना नगर पालिका ने ठोंका।

बताया जाता है कि जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल का आदेष मिलते ही नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व ईओ मुदित सिंह ने टीम बनाकर अम्बेडकर चैराहे से लेकर डाक बंगले तक अतिक्रमण हटाने का फरमान जारी किया था जिसके तहत आज दूसरे दिन सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह, स्वच्छ भारत मिषन के वरुण कुमार सिंह गुरुवार को भी अम्बेडकर चैराहे से लेकर डाक बंगले तक सघन निरीक्षण किया। इस दौरान एक फुल्की दुकानदार मिला जिस पर सौ रुपये का जुमार्ना ठोंका गया। बता दें कि शाम को बड़ी संख्या में बच्चे व परिजन कम्पनी गार्डेन में खेलने घूमने आते हैं। इनके लिये फुल्की, चाट, चाऊमीन के ठेले प्रायः कम्पनी गार्डेन के बाहर खडे. रहते हैं लेकिन नगर पालिका के दो दिनों से चल रहे अभियान के चलते कम्पनी गार्डेन के सामने दुकानदार गायब हैं।

# सप्ताह के अंत में साफ होगी पट्टी में आरक्षण की स्थिति !

## 2011 की जनगणना को बनाया जा रहा आधार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर निकाय चुनाव की हलचल अब तेजी आ गई है इसके लिए सभी पार्टियों ने एड़ी चोटी का जोर लगाकर तैयारियां शुरू कर दी है, लेकिन अब चुनाव लड़ने वालों के लिए निगाहें आरक्षण सूची पर टिकी हुई है। सभी को इस बात का इंतजार है कि वार्डो का आरक्षण किसके लिए आरक्षित हुआ है।

संभावना जताई जा रही है कि इसी सप्ताह के अंत तक आरक्षण की तस्वीर साफ हो जाएगी। 7 नवंबर तक मतदाता सूचियों में आपत्तियों को दर्ज किया जाएगा उसके बाद उसका निस्तारण करके मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस बार वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर जिला स्तर पर परीक्षण करके आरक्षण के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी जा रही है। पट्टी में पिछले चुनाव में 5 वार्ड अनारक्षित, दो महिला, एक पिछड़ा वर्ग, एक पिछड़ा वर्ग महिला तथा एक अनुसूचित जाति महिला के लिए थी आरक्षित पट्टी के 10 वार्ड में अगर पिछले आरक्षण 2017 पर नजर डालें तो 5 वार्ड अनारक्षित रहे एक वार्ड पिछड़ा वर्ग के खाते में तो 2 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया तो वही एक-एक वार्ड पिछड़ा वर्ग महिला तथा अनुसूचित जाति महिला के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन इस बार सबकी निगाहें नगर अध्यक्ष पद के आरक्षण पर टिकी है 2011 की जनगणना को आधार बनाया गया तो फिर से पट्टी नगर अध्यक्ष पद सामान्य अथवा पिछड़े वर्ग का हो सकता है।

# कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारी का एसडीएम ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर का 5 दिन से कार्तिक पूर्णिमा का मेला 5 नवंबर से 10 नवंबर तक लगना सुनिश्चित हुआ है। मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए मानिकपुर थाना परिसर में कुंडा उप जिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

इसके पूर्व भी एक बैठक कुंडा तहसील परिसर में बीते 28 अक्टूबर को आयोजित की गई थी, जिसमें सभी संबंधित विभागों को तैयारियों के लिए दिशा निर्देश दिया गया था। थाना परिसर की बैठक में मेले के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसमें विशेष रूप से विद्युत विभाग, नगर पंचायत विभाग, जल निगम व सड़क विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली गई। इसके पश्चात उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी, पुलिस उपाधीक्षक अजीत प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पांडे, मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए अस्थाई रूप से बनने वाले रोडवेज बस स्टेशन, रहमत अली का पुरवा से शाहाबाद स्नान घाट को जाने वाला मार्ग, शाहाबाद स्नान घाट व अमेठी घाट का निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी ने सभी जगह त्वरित गति से कार्य कराए जाने का निर्देश दिया। इस मौके पर विद्युत विभाग के एसडीओ राहुल वैश्य, नगर पंचायत के बड़े बाबू आत्मानंद गुप्ता, तीर्थ पुरोहित संघ अध्यक्ष प्रेमनाथ दीक्षित, रामभरोस मिश्रा, बीएल मिश्रा समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।



ज्वालामुखी देवी धाम का निरीक्षण करते एसडीएम।

# सर्पदंश से विवाहिता की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अलमारी से कपड़े निकाल रही एक महिला को कपड़े में छिपे हुए जहरीले सांप ने डस लिया। आनन-फानन में परिजन उसे पहले स्थानीय बाजार में एक चिकित्सक को दिखाया। कोई आराम ना मिलने पर उसे बलिया जनपद झाड़-फूंक कराने के लिए लेकर चले गए, लेकिन पीड़िता की मौत हो गई पीड़िता की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पीड़ित के दो मासूम छोटे बच्चे के सिर से मां का साया उठ गया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत मानापुर गांव की पूर्व प्रधान गुड्डन सरोज गांव से हटकर दो किलोमीटर दूर केवटली गांव में जमीन लेकर अपना मकान बनाया है। अपने बेटे पंकज तथा बहू राधा के साथ वह वहीं पर रहती हैं। अभी मकान निर्माण चल रहा था उनकी बहू राधा (35) बुधवार की शाम को अलमारी से कपड़े निकाल रही थी। अलमारी के कपड़े में ही एक जहरीला सांप बैठा हुआ था जैसे राधा ने कपड़े निकालने के लिए हाथ लगाया सांप ने राधा के हाँथ में डस लिया। तुरंत उसने यह बात अपने परिजनों को बताई। गुड्डन तथा उनके बेटे पंकज राधा को लेकर दाउदपुर बाजार पहुंचे और स्थानीय डॉक्टर को दिखाया लेकिन उसने कोई राहत नहीं हुआ तो परिजन झाड़-फूंक कराने के लिए उसे बलिया जनपद लेकर चले गए। वहां पर पहुंचने पर राधा की मौत हो गई देर रात राधा का शव घर पर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। सर्पदंश से हुई मौत से राधा के दो मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। 5 साल का बेटा प्रिंस तथा 3 साल की बेटी प्रार्थना का रो रो कर बुरा हाल है। अपनी मां को ना पाकर दोनों रो-रोकर बेहाल हो जा रहे हैं केवटली गांव में सर्पदंश से हुई मौत के बाद हर किसी के चेहरे पर उदासी देखी जा रही है और सबके चेहरे गमगीन है वही प्रिंस तथा प्रार्थना अपने पिता से लिपट कर रो रहे हैं।

# टीएलएम निर्माण कार्यशाला में दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सदर विकासखंड के सुखपाल नगर बीआरसी पर आज तीन दिवसीय टी एल एम निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

कार्यशाला का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। टीएलएम निर्माण कार्यशाला में प्रतिभागियों को टीएलएम बनाने की कला सिखाई गई तथा प्रतिभागियों से टीएलएम निर्माण कराया भी गया। प्रशिक्षिका प्राची पांडे, अनामिका पांडे, चंद्रेश शुक्ला, संजीव सोनी, संतोष शर्मा, विजेता चावला, सुयश मिश्रा ने विभिन्न चरणों में टीएलएम निर्माण की बारीकियां सिखाईं। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि टीएलएम बच्चों को पढ़ाने एवं सिखाने में बहुत ही उपयोगी साबित हो सकता है इसलिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को आकर्षक टीएलएम बनाने की कला सीखनी अपरिहार्य है। प्रतिभाग करने वाले सभी शिक्षक शिक्षिकाएं पूरे मनोयोग से टीएलएम निर्माण की कला सीखें। अपने विद्यालयों में टीएलएम निर्माण कर अपने अध्यापन में इसका भरपूर उपयोग करें एवं अन्य शिक्षक साथियों को इसके लिए प्रेरित करें। इस दौरान एआरपी डीके ओझा, नीलम सिंह आदि ने प्रशिक्षण में मार्गदर्शन एवं सहयोग किया।



टीएलएम निर्माण कार्यशाला में तैयार बैनर।

## रिटायर्ड प्रिंसिपल के खाते से उडाये एक लाख उन्सठ हजार नौ सौ छियासी, केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रिटायर्ड प्रिंसिपल के साथ साइबर धोखेबाजी के चलते उनके बैंक खाते से अज्ञात द्वारा एक लाख उन्सठ हजार रुपए उडा लिये जाने को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज सरस्वती विद्या मंदिर पर बहुगुणा पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य डा. डीपी ओझा की पत्नी नीलम ओझा खुद भी कमला नेहरू बालिका इण्टर कालेज की पूर्व प्रधानाचार्य हैं। नीलम ओझा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि अज्ञात आरोपी ने एक मोबाइल नंबर से उन्हें मैसेज कर लिंक पर लॉगिन करने को कहा। नीलम ने लिंक को खोला तो अज्ञात आरोपी ने उनके नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के खाते का नंबर पता लगा लिया। अज्ञात आरोपी ने रिटायर्ड प्रिंसिपल के खाते से दो बार में एक लाख उन्सठ हजार नौ सौ छियासी रुपए उडा लिये। बैंक से यह जानकारी मिलने पर पीडिता आवाक रह गयी। पीडिता ने घटना को लेकर बुधवार की रात अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधडी तथा आईटी एक्ट का केस दर्ज किया है।

# पूरा देश महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त: अजय राय

## कांग्रेस कार्यालय पर प्रांतीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष बनने के उपरान्त पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन अजय राय का आगमन जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन अम्बेडकर चैराहा पर हुआ। उसके पूर्व कांग्रेस सदर प्रत्याशी डॉ.नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में चिलबिला में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा माला पहनाकर नारेबाजी करते हुए भव्य स्वागत किया गया।

उसके उपरान्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय राय जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी एवं नगर अध्यक्ष इरफान अली ने बड़ी माला पहनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी एवं संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुआ मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज पूरा देश महंगाई एवं बेरोजगारी से त्रस्त है उसके खिलाफ पूरे देश को जोड़ने के लिए कांग्रेस एवं जनता के नेता राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं जिस तरीके से इस पदयात्रा में राहुल गांधी के साथ भीड़ उमड़ रहा है। यह आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव के चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने का काम करेगी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी प्रतापगढ़ मुकुंद तिवारी ने कहा कि आज पेट्रोल डीजल गैस के दाम आसमान छू रहे हैं बच्चों की पेंसिल रबड़, दूध,यहां तक की कफन पर भी जीएसटी लगाकर इस सरकार ने छात्रों, नवजवानों, बुजुर्गो एवं महिलाओं के साथ छलावा किया है। इस मौके पर पी सी सी सदस्य डॉ. प्रशान्त देव शुक्ला, प्रदेश सचिव रंजीत सिंह सलूजा, प्रदेश सचिव उज्जवल शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, पूर्व नगर अध्यक्ष कपिल द्विवेदी, वेदांत तिवारी, कोषाध्यक्ष, कार्यालय प्रभारी आदि मौजूद रहे।



कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय

## बार एसोसिएषन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बार एसोसिएषन (पुरातन) तहसील सदर की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में नवनिर्वाचित कमेटी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई जिसमें वर्तमान कमेटी के अध्यक्ष आषुतोष तिवारी, महामंत्री अमित सिंह चंचल व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रुप में सदर विधायक राजेन्द्र प्रसाद मौर्य, अध्यक्ष जूनियर बार इन्दुभाल मिश्र, वकील परिषद अध्यक्ष सूर्यकांत मिश्र निराला, जिला बार अध्यक्ष रामचंद्र मिश्र व अधिवक्ता शक्ति पीठ आनंद मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर व तहसीलदार सदर मौजूद रहे।



बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

## स्टेट बैंक के अंदर हुआ दवा का छिड़काव

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां बाजार स्थित स्टेट बैंक परियावां में गुरुवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे ग्राम प्रधान अनिल कुमार मौर्य ने डेंगू से बचाव के लिए मशीन से दवा का छिड़काव कराया। दवा का छिड़काव करने के दौरान सभी को बैंक के अंदर से बाहर कर दिया गया जिसमें ब्रांच मैनेजर व कैशियर के साथ सभी स्टाफ बाहर आ गए थे। बैंक के अंदर धुंआ ही धुंआ दिखाई दे रहा था। थोड़ी देर धुंआ खत्म होने पर बैंक का कार्य शुरू हो गया।

# पट्टी में आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष तथा सिपाहियों पर हमला, कालेज के प्रबंधक हिरासत में

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कालेज के प्रबंधक द्वारा छात्र के ऊपर मुकदमा दर्ज कराने के बाद जांच के लिए पहुंचे थाना अध्यक्ष तथा हमराही सिपाहियों के ऊपर दो पक्षों की कहासुनी के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला बोल दिया गया , जिससे दो पुलिस कर्मियों को काफी चोटें आई। पुलिस ने दो नामजद सहित 7 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की छानबीन में लगी हुई है। वहीं कालेज प्रबंधक को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत उदईशाहपुर गांव के रहने वाले सूरज शर्मा का एक इंटरनेशनल स्कूल है जहां पर कक्षा 12 के एक छात्र से शिक्षकों का विवाद हो गया था। प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी छात्र पर मामला दर्ज करने के बाद घटनास्थल पर जांच के लिए पहुंची। थाना अध्यक्ष आसपुर देवसरा के मुताबिक जब पुलिस अमरगढ़ बाजार के पहले खड़खड़वा पुल के पास चाय वाले जीतलाल से इस बारे में पूछताछ कर रही थी तभी सूरज, सुशील व उनके 6 अज्ञात साथी पहुंचे और एक व्यक्ति से उलझ गए । पुलिस ने मामला शांत कराने के लिए आगे बढ़ी तो सूरज व शुशील शर्मा उनके 6-7 साथियों ने पुलिस पर जंगल में पड़ी हुई लकड़ियों से हमला बोल दिया और पुलिसकर्मियों की वर्दी भी फाड़ दिया। यह देख कर आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संजय पांडे ने थाने से फोर्स मंगाई जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले हमले में घायल सिपाही माधवेश राय और सूर्य प्रताप सिंह को उपचार के लिए अमरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया इस मामले में थाना अध्यक्ष की तहरीर पर पुलिस ने सूरज शर्मा सुशील शर्मा सहित सात अज्ञात के विरुद्ध बलवा, सरकारी काम में बाधा, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी तोड़फोड़ का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने नामजद कालेज प्रबंधक व उनके भाई को हिरासत में लेकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कहासुनी के दौरान पिता-पुत्र की पिटाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के करनपुर खूझी निवासी भोलानाथ चौरसिया (65) अपने बेटे संतोष चौरसिया (35) के साथ खेत से धान ढो रहा था। बुधवार की शाम जब वह शीतलागंज चौराहे के पास ट्रैक्टर लेकर पहुंचा तो वाहन हटाने को लेकर सड़क पर खड़े कुछ लोगों से उसकी कहासुनी हो गई। आधा दर्जन लोगों ने दोनों को लाठी-डंडों से पीटा। पुलिस ने दोनों को सीएचसी बाबा बेलखरनाथ धाम भेजा। पिता भोलानाथ चौरसिया की हालत गंभीर होने के चलते मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष दिलीपपुर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित संतोष चौरसिया ने चार नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। मुकदमा पंजीकृत कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है ।

# साइबर अपराध से बचाव हेतु साइबर कार्यशाला का किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा बढते हुए साइबर क्राइम अपराध से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल कॉलेज व अन्य सार्वजनिक स्थानों में साइबर अपराध से जागरूक करने की कार्ययोजना के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी मंझनपुर योगेन्द्र कृष्ण नारायन के पर्यवेक्षण में आईटीआई कालेज टेवा मंझनपुर मे साइबर जागरुकता दिवस में साइबर क्राइम सेल टीम व साइबर हेल्प डेस्क थाना मंझनपुर द्वारा साइबर अपराध जैसे एटीएम कार्ड स्कैमिंग यूपीआई फ्रॉड फेसबुक फ्रॉड कौन बनेगा करोडपति केवाईसी फ्रॉड व अन्य विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध से सम्बन्धित अपराध के बारे में कॉलेज के छात्र छात्राओं व अध्यापकों को बताया व जागरूक किया गया साथ ही गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराने के बारे में जानकारी प्रदान की गई जिससे आमजनमानस साइबर फ्रॉड से बच सके कार्यशाला में बताया गया कि प्रलोभन में आने के चलते




साइबर अपराध से बचाव की जानकारी देती पुलिस।

चलाई जा रही साइबर हेल्प लाईन नंबर 1930 व www.cybercrime.gov.i»»f के बारे में जानकारी दी गई जिस पर तत्काल कॉल व वेबसाईट में लोग अपनी जिंदगी भर की कमाई खो बैठते हैं इसलिए किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आएं उन्होंने बैंक से संबंधित क्यूआर कोड स्कैन वाट्सएप हैक ओएलएक्स के माध्यम से ठगी केवाइसी हनी ट्रेपिंग डुप्लीकेट एप आनलाइन लोन स्कैम केबीसी इंटरनेट मीडिया से ठगी एटीएम सेक्सटार्शन कंप्यूटर संबंधी फ्राड और बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी व साइबर ठगी होने पर 1930 नम्बर पर सूचना देने की अपील की गयी आज के दौर में सबसे ज्यादा हो रहे सेक्सटार्शन व न्यूड काल ब्लैकमेल गैंग के सदस्य फेसबुक पर खूबसूरत लड़की की फोटो लगाकर रखते हैं।

सबसे पहले फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हैं फ्रेंड लिस्ट में शामिल होते ही चैटिंग करना शुरू कर देते हैं इसके बाद बातों में फंसाकर वाट्सएप नंबर मांगते हैं वीडियो काल से बात करने को कहते हैं काल करने पर जैसे ही दूसरी तरफ से काल रिसीव होता है सामने न्यूड गर्ल दिखाई देने लगती हैं इस दौरान काल करने वाले का वीडियो रिकार्ड कर लिया जाता है इसके बाद ब्लैकमेल कर राशि मांगना का खेल शुरू हो जाता है इनकार करने पर रिकार्ड वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हैं यही नही आज के दौर में जिनका मोबाइल नंबर आनलाइन पड़ा हुआ है उनको सीधे विडियो काल आ जा रही है जब तक हम कुछ समझ पाते है तब तक विडियो स्क्रिन रिकार्ड कर लेते है ऐसे में किसी भी अन्जान नम्बर से विडियो काल आने पर रिसिव ना करें रिसिव भी करना हो तो कैमेरे पर अंगूठा रख दे हमें जागरूक रहने की जरूरत है कार्यशाला में सभी के द्वारा साइबर क्राइम टीम की प्रशंसा की गयी

## डेंगू से रोक थाम के लिए हो रहा दवा का छिड़काव

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू क्षेत्र के कोखराज ग्राम प्रधान ने अपने ग्राम सभा की ,फकीर बख्श कापूरा, लाड़ पुर ,गरीब का पूरा,अलीगंज, महमद पुर,प्रत्येक मजरों की गलियों में लगातार एक हप्ते से दवा का छिड़काव कर ग्रामीणों को डेंगू बुखार से मुक्ति दिलाने का अभियान चलाया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में प्रधान कि इस पहल को सराहा प्रधान प्रतिनिधि नसीम



ने कहा कि इस पहल से ग्रामीण इलाकों में बसी प्रत्येक व्यक्ति की डेंगू बुखार से निजात मिलेगी और ग्रामीणों से अपने घर के आसपास साफ सफाई की जिम्मेदारी को स्वंय करने को कहा जिससे उनका परिवार तमाम बीमारियों से बचा रहेगा दवा का छिड़काव ग्राम लाड़ पुर ,महमद पुर,आदि मजरों में छिड़काव किया गया।

## सहकारी समिति उपकेंद्र कशिया पश्चिम तीन दिन से है बन्द किसान परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कशिया पश्चिम के सहकारी समिति में तीन दिन से लगातार ताला बंद रहता हैं जिससे फसल बोवाई के समय किसान को समय से खाद नही मिलती और किसानो की




फसल को बर्बाद करने का सबसे बड़ा कारण समय से खाद न मिलना है क्या इन लापरवाह सहकारी समिति कर्मचारियों पर कार्यवाही कर समय से किसानों को खाद उपलब्ध कराया जाएगा या ताला बन्द कर किसानों के साथ धोखा होता रहेगा।

## डेंगू मलेरिया से बचाव के लिए दवा का हुआ छिड़काव

**कौशांबी।** तहसील चायल के ग्राम पंचायत चौराडीह गांव में डेंगू मलेरिया से बचाव के लिए दवा का छिड़काव किया गया मंगलवार की शाम को अंधेरे में डेंगू मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचने के लिए दवा का छिड़काव कराया जिससे ग्रामीणों को मच्छरों के साथ बीमारी से थोड़ी बहुत राहत मिली ग्राम प्रधान पति व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने ग्राम वासियों से अपने घरों के आस-पास साफ-सफाई के साथ दिन में पानी जमा न करने की अपील की और उन्होंने कहा कि यदि किसी को बुखार आ जाए तो तुरंत स्थानीय सरकारी अस्पताल मे चिकित्सक को दिखाएं बीमारी को।

## छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति की कार्य योजना बनाए: डायट प्राचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के ऑडिटोरियम हॉल में अनिल कुमार उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों गतिविधियों से संबंधित एवम् के0पी0आई0 माह अक्टूबर 2022 समीक्षा बैठक आयोजित किया गया जिसमें प्रकाश सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती भारती त्रिपाठी एवं सुश्री रिफत मलिक तथा खंड शिक्षा अधिकारी,डायट मेंटर, एसआरजी ए आर पी उपस्थित रहे। अनिल कुमार कुमार उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य डायट ने जनपद कौशाम्बी के सभी प्रधानाध्यापक इंचार्ज प्रधानाध्यापक संकुल शिक्षक एवं शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति की कार्य योजना बनाने, शिक्षण योजना बनाकर के शिक्षण कार्य करने पर बल देने,गृह कार्य,सुलेख छात्रों की व्यक्तिगत विभिन्नता का ध्यान रखते हुए प्रतिदिन अवश्य दिए जाए। साथ ही साथ उपचारात्मक (रिमेडियल) शिक्षण में बच्चों की संख्या कक्षावार न्यूनतम 8 से 10 ही रखा जाए,जिससे बच्चों पर व्यक्तिगत ध्यान देकर के शिक्षण कार्य किया जा सके। समय सारणी में प्रधानाध्यापक का नाम अवश्य रहे तथा स्वयं क्लास में जाकर शिक्षण कार्य करें। उन्होंने कहा कि



निपुण भारत कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व अन्य।

घंटा वादन के साथ ही अध्यापक कक्षा में रोटेट करें।सभी शिक्षकों को निपुण एसेसमेंट टेस्ट (ठअळ) 2022 की अग्रिम तैयारी हेतु निर्देशित किया।

प्रकाश सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कौशांबी ने सभी प्राथमिक विद्यालय/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापक, संकुल शिक्षक एवं शिक्षकों को नियमित घंटा वादन, प्रधानाध्यापक कार्यालय एवं प्रत्येक कक्षा कक्ष में समय सारणी चस्पा करने,कक्षा 1 से 3 तक निपुण लक्ष्य चस्पा करने तथा कंठस्थ करने,प्रधानाध्यापक कार्यालय एवं प्रत्येक कक्षा कक्ष में दिवाल घड़ी लगाने,शिक्षक शिक्षार्थी संबंध कार्यक्रम के फोटोग्राफ प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करने, शिक्षकों की उपस्थिति शत-प्रतिशत होने का निर्देश दिया तथा सभी प्र0अ0 को आदेशित किया की कार्मिक उपस्थिति पंजिका मोटी बनाएं ताकि वह वर्ष भर उसी में हस्ताक्षर किया जा सके।*उपर्युक्त निदेशों के अनुपालन न करने पर कठोर कार्रवाई की बात कही गई। डायट प्राचार्य द्वारा अग्रिम माह नवंबर 2022 की के पी आई का लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इस बैठक में डायट मेंटर डॉ0 अरमा देवी, नारेंद्र कुमार कौशलेंद्र मिश्र, डॉ देवेश सिंह, डॉ0 देवेंद्र मिश्र, धीरज कुमार, डॉ0 वंदना सिंह, डॉ0 स्वेता त्रिपाठी,शबीह मुस्तफा, शबनम सिद्दीकी, विपिन कुमार, राजेन्द्र भारतीय, अनामिका सिंह ओम प्रकाश सिंह, दिलीप तिवारी एस0आर0जी0 एवं ओम दत्त सहित सभी ए0आर0पी0 उपस्थित रहे

# जमीन कब्जे के आरोप पर विधायक ने एसपी एसडीएम को पत्र लिखकर न्याय पूर्ण जांच की मांग की

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कहा कि मीडिया के माध्यम से मुझे ज्ञात हुआ कि नगर पालिका परिषद भरवारी के ग्राम मोहम्मदपुर असावा के बनवारी लाल ने अपनी माँ राजकुमारी पत्नी रताई लाल के द्वारा यह शिकायती पत्र दिया कि मेरे द्वारा उनकी जमीन कब्जा कराई जा रही है।

उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि बनवारी लाल ने अपने सह खातेदार लल्लू पुत्र बाबू निवासी मोहम्मदपुर असवा कि भूमि को बल पूर्वक आज से लगभग चार वर्ष से पूर्व कब्जा कर लिया था उस समय पीडित लल्लू मेरे विधायक कार्यालय आकर शिकायत किया था जिस पर मैने उस समय भी लल्लू की मदद किया था जिस पर लल्लू द्वारा इसके विरूद्ध बाद योजित कर अपर कलेक्टर के न्यायालय से 2020 में अपने पक्ष में आदेश पा कर पुनः अपनी जमीन पर काबिज हुआ परन्तु उसके बाद भी बनवारी उसकी जमीन पर कब्जा करने के नियत से एक भू-माफिया के सहयोग से एक फर्जी मुकदमा लिखवाकर उसे जेल भेजते हुए उसकी जमीन पर पुनः कब्जा कर लिया। लगभग एक माह बाद जेल से छूटने के बाद लल्लू वापस आकर पुनः अपनी जमीन को जुताई- बुवाई किया चूंकि लल्लू, अनुसूचित जाति का एक गरीब व्यक्ति है उसने मुझसे आकर न्याय की गुहार लगाई मैने लेखपाल को फोन कर उसके साथ न्याय करने को कहा इससे खुन्नस खाकर उस भू-माफिया के कहने पर मेरी छवि को खराब करने के नियत से मुझ पर झूठा आरोप लगाते हुये शिकायती पत्र दिया जब कि सच्चाई यह है मेरा इस भूमि से व्यक्तिगत कोई लेना देना नही है वह स्वयं भूमाफियाओ के मिलीभगत से लल्लू की काबिज भूमि का कब्जा करके उसका कुछ भाग उसके जेल के दौरान विक्रय भी किया। इस सम्बन्ध में एक जाँच टीम गठित करते हुये इसकी जाँच करा कर मेरे ऊपर झूठा आरोप लगाने वाले उपरोक्त व्यक्तियो पर अभियोग पंजीकृत कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करे।

इसी के साथ पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने उप जिला अधिकारी चायल को पत्र लिखते हुए कहा कि मुझे मीडिया के द्वारा यह जानकारी प्राप्त हुई ग्राम मोहम्मदपुर असावा निवासी बनवारी लाल ने अपनी माँ राजकुमारी पत्नी रताई लाल ने मुझ पर जमीन कब्जा करवाने का आरोप लगाया है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से कहा कि आप पूर्व से अवगत है कि उसकी भूमि के सह खातेदार लल्लू पासी पुत्र बाबू निवासी असावा कि भूमि सम्बन्धित विवाद पूर्व में कई वर्षों से चल रहा है यह लल्लू की जमीन को कब्जा करके भू-माफियाओं के हाथ विक्रय करना चाहता है। भू-माफियाओं के सहयोग से लल्लू को फर्जी मुकदमें में फसा कर उसे जेल भेज दिया इस दौरान उस विवादित भूमि का कुछ हिस्सा विक्रय भी कर दिया जैल से छूटने के बाद जब लल्लू ने पुनः अपनी खेत की जुताई- बुवाई किया तो वह एक साजिस के तहत मेरे ऊपर जमीन कब्जा करवाने का अनरगल आरोप लगा दिया। जब कि यह लल्लू को पिछले चार वर्षों से परेशान कर रखा है इस सम्बन्ध में इस प्रकरण को पूर्व में भी न्यायपूर्ण निस्तारित करने हेतु मेरे द्वारा निर्देशित किया जा चुका है जब कि लल्लू के पक्ष में कब्जे हेतु अपर कलेक्टर न्यायालय से आदेश भी निर्गत है।उन्होंने कहा कि आप इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये न्यायालय अपर कलेक्टर के आदेश का अनुपालन में लल्लू को प्राप्त कब्जे के विवाद को दृष्टिगत रखते हुये भूमि की पैमाइस कराकर प्रकरण का विधिक निस्तारण करे।

## नया बाजार दशहरा के पूर्व नगर वासियों के साथ पुलिस ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी कस्बे के नया बाजार दशहरा के पूर्व पुलिस ने रामलीला कमेटी के पदाधिकारी और नगर के गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर मेला को सकुशल संपन्न कराने की रणनीति बनाई है बैठक में कैलाश चन्द्र केशरवानी रमेश चंद्र जितेंद्र कुमार बेद प्रकाश उमेश चंद्र प्रकाश चंद्र प्रेम नारायण केशरवानी सौरभ अग्रहरि संजय केसरवानी उर्फ बैटरी के अलावा नगर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कोखराज कोतवाल तेज प्रताप सिंह चौकी इंचार्ज सियाकांत चौरसिया ने नया बाजार स्थित हनुमान मंदिर में मेला पदाधिकारियों और नगर वासियो के



दशहरा के पूर्व नगर वासियों के साथ बैठक करते कोतवाल।

साथ बैठक करते हुए कहा कि साउंड हमेशा की तरह एक जगह नहीं लगेगा बल्कि सभी बल्लियों में दो दो साउंड तथा चौकी में डीजे की जगह कम साउंड लगाया जाएगा साथ ही चौकी निकलने मे समय का विशेष ध्यान रखा जाए गुरूवार 03 नवम्बर को नया बाजार भरवारी का राम दल निकलेगा तथा देर रात्रि मे राम रावण वध भी होगा तथा 4 नवंबर शुक्रवार को भरत मिलाप दंगल मीना बाजार का कार्यक्रम होगा जिसमे आधा दर्जन श्रृंगारात्मक चौकी निकलेगी जो मेला में चार चांद लगाने का कार्य करेगी।

यहां यह बताना जरूरी है कि जब पुरानी बाजार भरवारी का दशहरा था तब साउंड को लेकर किसी पुलिस कर्मी से बात विवाद हो गया था जिसपर पुलिस कर्मी ने साउंड वालो को तेज गति से बजाने पर पीट दिया था जिसपर साउंड कर्मचारी ने सभी साउंड बंद कर मेला को शांत कर दिया था जिससे कमेटी वालो को भी तकलीफ हुई थीं जिसपर कोखराज निरीक्षक ने हनुमान मंदिर में राम लीला कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक में शांति पूर्वक सौहार्द पूर्ण वातावरण में मेला संपन्न कराने के लिए निर्देश दिए हैं इसके लिए कोखराज इंस्पेक्टर तेजप्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक से अतिरिक्तित पुलिस बल सहित महिला पुलिस बल वा पीएसी की मांग की ह।

## चोरी के सीमेंट के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसओजी टीम व थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा रात्रि गस्त वाहन चेकिंग के दौरान पुष्पादेवी जूनियर हाईस्कूल कुण्ड्राबी के पास से दो अभियुक्तों दशरथ लाल पुत्र भईया लाल निवासी कुण्ड्रावी थाना मोहब्बतपुर पइन्सा व राम नरेश यादव पुत्र राम खेलावन यादव निवासी खोपी थाना मनगवां जनपद रीवा, मध्य प्रदेश को एक ट्रक अवैध सीमेंट के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

## दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त आशीष नट पुत्र रामचन्द्र नट निवासी नट का पूरा मजरा मधवामई थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा एससी एसटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रोहित कुमार यादव उर्फ नवल पुत्र धवल यादव निवासी मखऊपुर थाना पिपरी को मखऊपुर तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त लवली रैदास पुत्र झल्लर रैदास निवासी काशीपुर मजरा भसरौल थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर को कनवार बार्डर से 430 ग्राम अवैध गाजा बरामद होने पर गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 387 वाहनों का ई-चालान व चार वाहन का चालान कर 2000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया

## निरोधात्मक कार्यवाही में 14 अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से दो थाना चरवा से तीन थाना सैनी से आठ थाना कड़ाधाम से एक कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है



यातायात नियमों की जानकारी देते यातायात निरीक्षक।

## स्कूल कॉलेज और चौराहों पर पुलिस चला रही यातायात जागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** यातायात माह के अवसर पर थाना पुलिस से लेकर यातायात पुलिस स्कूल कॉलेजों और सड़क चौराहे पर आम जनमानस स्कूली बच्चों को यातायात नियमों और सुरक्षा से संबंधित उन्हें जानकारी दे रही है इसी क्रम में श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा और एमवी कन्वेंट स्कूल ओसा में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन यातायात पुलिस द्वारा किया गया इस मौके पर मंझनपुर कोतवाली पुलिस भी मौजूद रही बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में बताते यातायात निरीक्षक राकेश कुमार चौरसिया ने कहा कि सड़क पार करते समय बाए चलें और चौराहा पार करते समय दाएं बाएं दोनों तक देखें तमाम गाड़ियों की चेकिंग की गई थाना कोखराज क्षेत्र के चाकवन चौराहे पर हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस सीट बेल्ट में वाहनों की जाँच कर चालान काटने व याता यात पालन के बारे में जानकारी दी पूरे दिन थाना पुलिस और यातायात पुलिस अपने अपने क्षेत्र में यातायात जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात के नियम और सुरक्षा के तरीकों से जागरूक कर रही है

## आलू बीज का वितरण पहले आवक पहले पावक

**कौशाम्बी।** जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के समस्त कृषकों आलू उत्पादकों को सूचित किया है कि निदेषालय द्वारा उपलब्ध कराये गये आलू बीज का वितरण बीज उत्पादन हेतु उपलब्धता के आधार पर 04 नवम्बर 2022 दिन शुक्रवार को प्रातः 10 से कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी से पहले आवक पहले पावक के आधार पर एक कृषक को अधिकतम दो बोरी अर्थात 100.00 किग्रा नकद मूल्य पर दिया जायेगा। कृषको से अपील है कि वह अपने साथ अपना आधार कार्ड एवं 6 माह के अन्दर की खतौनी की फोटो प्रति के साथ आलू बीज प्राप्त करने आयें। इसके अतिरिक्त मेथी, धनिया एवं मूली का उच्च गुणवत्तायुक्त बीज भी विभाग में उपलब्ध है, इच्छुक कृषक नकद मूल्य जमा करके प्राप्त कर सकते हैं।

# बच्चों को निपुण बनाने के लिए सरसवां में रैली का हुआ आगाज

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सरसवां ब्लॉक के जवाहर नेहरू इंटर कॉलेज में परिषदीय विद्यालयो के बीच होने वाली 2 दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन खंडशिक्षा अधिकारी प्रमोद गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि उपजिलाधिकारी सदर प्रखर उत्तम,विशिष्ट अतिथि खंडविकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह व इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक त्रिपाठी रहे। ब्लॉक में सभी न्याय पंचायत के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने रैली में प्रतिभाग किया।मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी प्रखर उत्तम सहित विशिष्ट अतिथी व बीईओ प्रमोद गुप्ता ने माँ सरवस्ती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया।दीप प्रज्वलन के उपरांत शांति के प्रतीक कबूतर को उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।बच्चों ने सरवस्ती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुति कर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रखर उत्तम ने




ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य।

बच्चों का हौसला औफजाई करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल का भी जीवन मे बड़ा महत्व है। खेल हम को सहनशीलता व जीवन मे सामंजस्य बनाना सिखाती है।बीईओ प्रमोद गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के माध्यम से भी प्रतिभाओ को निखारा जा सकता है। पढ़ाई के साथ साथ बच्चों को हर क्षेत्र व विधा में निपुण होना चाहिए, जिसके लिए ब्लॉक में विभिन्न प्रतियोगिताओं व रैली के माध्यम से बच्चों को निपुण बनाने का प्रयास किया जा रहा है। रैली में आये हुए अतिथियों को कंपोजिट स्कूल लौधना के बच्चों ने मार्च पास्ट दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अभिषेक सिंह व बैजनाथ दुबे ने किया। रैली में ब्लॉक व्यायाम शिक्षक विनय सिंह, आलोक सोनी, सुषमा चौरसिया व वर्षा सिंह, आंशी सिंह ने रंगोली बनाकर रैली में सहयोग किया। मीडिया व अनुशासन की जिम्मेदारी आकाश चन्देल,अंकित श्रीवास्तव व सचिदानंद मिश्रा ने बखूबी निभाई। रैली में राकेश सिंह, विनीत सिंह, देवेंद्र सिंह, सौरभ पांडेय, भूपेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्र, प्रभात पॉजीटिव, राजेंद्र प्रसाद,अमित सिंह,पंकज सिंह, सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व सहयोगी उपस्थित रहे।

## श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण के लिए विकास खण्डों में लगाया जा रहा कैम्प

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों में कार्यरत निर्माण श्रमिकों तथा मनरेगा श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराया जाना है, जिसके लिए जनपद के सभी विकास खण्डो में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने देते हुए बताया कि विकास खण्ड में 03, 04, एवं 05 नवम्बर 2022 को कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकास खण्ड सिराथू में 09, 10 एवं 11 नवम्बर, विकास खण्ड कड़ा में 14, 15 एवं 16 नवम्बर, विकास खण्ड नेवादा में 17, 18 एवं 19 नवम्बर, विकास खण्ड चायल में 21, 22 एवं 23 नवम्बर तथा विकास खण्ड मूरतगंज में 25, 26 एवं 28 नवम्बर 2022 को कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्य में कार्यरत श्रमिकों तथा मनरेगा श्रमिकों से कैम्प में पहुँचकर पंजीकरण कराने का आवाह्न किया है।

संपादकीय

# औरत-मर्द: बाहरी एकरूपता

**न्यूयॉर्क** टाइम्स ने अपने मुखपृष्ठ पर एक खबर छापी है कि अमेरिका में कई आदमी अब औरतों का वेश धारण करने लगे हैं और औरतें तो पहले से ही वहां आदमियों की वेशभूषा पहनते रही हैं। उनका कहना है कि कपड़ों में भी औरत-मर्द का भेद क्या करना? वह जमाना लद गया जब औरतों के लिए खास तरह की वेशभूषा, जेवर और जूते-चप्पल पहनना अनिवार्य हुआ करता था। उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होती थी। घूंघट और बुर्का लादना आवश्यक माना जाता था। हमारे संस्कृत नाटकों को देखें तो कालिदास और भवभूति जैसे महान लेखकों की रचनाओं में उनकी महिला पात्र संस्कृत में नहीं, प्राकृत में संवाद करती थीं।

महिलाओं को पुरुषों के समान न हवन करने का अधिकार था और न ही जनेऊ धारण करने का! वेदपाठ करना तो उनके लिए असंभव ही था। आर्यसमाज के प्रवर्तक महर्षि दयानंद सरस्वती की कृपा से भारतीय स्त्रियों को इन बंधनों से मुक्ति मिली लेकिन यूरोपीय इतिहास की लगभग एक हजार साल की अवधि को वहाँ अंधकार-युग कहा जाता है। उस युग में पोप लीला के कारण औरतों पर अत्याचार की हद हो रखी थी लेकिन अब इसी ईसाई यूरोप और अमेरिका में आधुनिकता की ऐसी लहर चली है कि आदमी लोग औरतों की तरह लंबे-लंबे बाल रखने लगे हैं, स्कर्ट ब्लाउज पहनने लगे हैं और उनके पारंपरिक जेवर भी अपने शरीर पर सजाने लगे हैं। इसे वे लिंग-भेद का निराकरण कहते हैं लेकिन वास्तव में औरत-औरत होती है और आदमी-आदमी। हमारे यहां तो भाषा और व्याकरण में भी वह भेद प्रतिबिंबित होता है। उसे सिर्फ वेशभूषा बदलने से नहीं मिटाया जा सकता है। कई देशों में उनके पुरुष भी अपना अधोवस्त्र स्त्रियों-जैसा ही सदियों से पहनते आ रहे हैं। जब पहली बार अपने राष्ट्रपति भवन में भूटान नरेश से लगभग 30 साल पहले मेरी भेंट हुई तो मैं उन्हें स्कर्ट-जैसा अधोवस्त्र पहने देखकर दंग रह गया। पचास साल पहले जब मैं लंदन में पढ़ता था तो मुझे स्कॉटलैंड के छात्रों को देखकर भ्रम हो जाया करता था, क्योंकि उनमें से कुछ स्कर्ट पहने रहते थे। दुनिया के दर्जनों देश हैं, जिनमें लोगों की वेशभूषा अपने तरह की अनूठी होती है। इसीलिए यदि अब अमेरिका की कुछ नामी-गिरामी कंपनियां ऐसी वेशभूषा बनाने लगी हैं, जो अब तक स्त्रियों की मानी जाती थीं।

# ब्राजील-सामाजिक न्याय की जीत

सर्वमित्रा सुरजन

**लूला डी** सिल्वा के शासनकाल में ब्राजील की अर्थव्यवस्था भी तेजी से आगे बढ़ी। 2002 से 2010 के बीच ब्राजील की अर्थव्यवस्था 1.89 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की 12वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी और महंगाई दर 14 प्रतिशत से घट कर चार प्रतिशत पर आ गई। अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने इन्हीं सब वजहों से एक बार लूला डी सिल्वा को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया था। दक्षिण अमेरिका के सबसे बड़े देश ब्राजील में करिश्माई नेता माने जाने वाले लूला डी सिल्वा की एक बार फिर से सत्ता में वापसी हुई है। वर्तमान राष्ट्रपति जाएर बोलसोनारो को चुनाव के कड़े मुकाबले में लूला डी सिल्वा ने मामूली अंतर से मात दी है। लूला को 50.9 प्रतिशत और बोलसोनारो को 49.1 प्रतिशत वोट मिले हैं। मगर यह जीत क्रांतिकारी मानी जा रही है, क्योंकि छह सालों बाद ब्राजील दक्षिणपंथ से फिर वामपंथ की ओर झुका दिख रहा है। वामपंथी वर्कर्स पार्टी के नेता लुईस ईनास्यू लूला डी सिल्वा 2003 से लेकर 2006 तक और 2007 से 2010 के बीच दो बार ब्राजील के राष्ट्रपति रह चुके हैं। उनके शासनकाल ब्राजील की न केवल आर्थिक प्रगति हुई, बल्कि गरीब जनता को सम्मान के साथ जीने का हक मिला। ब्राजील में बड़े पैमाने पर सामाजिक कल्याण के कार्यक्रम शुरू किए गए, जिनके बूते ब्राजील के करोड़ों लोग गरीबी से ऊपर उठे। बोल्सा फेमिलिया जैसी योजनाओं के तहत गरीबों के बच्चों को स्कूल भेजने और स्वास्थ्य जांच कराने के लिए नकद सहायता दी गई। इन कार्यक्रमों की तुलना यूपीए शासन में शुरू हुई मध्याह्न भोजन, मनरेगा और सूचना का अधिकार से की जा सकती है, जिनकी बदौलत हिंदुस्तान में गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा उठा और लोकतंत्र मजबूत हुआ। लूला डी सिल्वा के शासनकाल में ब्राजील की अर्थव्यवस्था भी तेजी से आगे बढ़ी। 2002 से 2010 के बीच ब्राजील की अर्थव्यवस्था 1.89 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की 12वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी और महंगाई दर 14 प्रतिशत से घट कर चार प्रतिशत पर आ गई। अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने इन्हीं सब वजहों से एक बार लूला डी सिल्वा को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया था। लेकिन लूला पर ब्राजील की एक भवन निर्माण कंपनी से रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया, कि इसके बदले उस कंपनी को ब्राजील की सरकारी कंपनी पेट्रोब्रास के ठेके मिले थे। 2017 में निचली अदालत ने लूला को दोषी ठहराया और उन्हें 10 साल की सजा हुई। अदालत ने कहा था कि वे अपील कर जेल से बाहर रह सकते हैं। बहरहाल, लूला डी सिल्वा को 580 दिन जेल में बिताने पड़े। वह 2018 का राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ पाए थे। और माना जा रहा था कि उनका राजनैतिक जीवन खत्म हो गया है। लेकिन ब्राजील की सर्वोच्च अदालत ने उन्हें निर्दोष करार दिया और इस तरह लूला डी सिल्वा को फिर से चुनावी मैदान में उतरने का मौका मिला।

# भारत में मुद्रा का डिजिटलीकरण

किशन भावनानी

**वर्ष** 1976 में आई फिल्म सबसे बड़ा रुपैया का मजरूह सुल्तानपुरी द्वारा लिखा और महमूद द्वारा गाया गीत, ना बीवी ना बच्चा ना बाप बड़ा ना मैया द होल थिंग इस दैट कि भैया सबसे बड़ा रुपैया, इस गीत की एक एक लाइन में इस आधुनिक युग में रुपए के महत्व को गाकर बताया गया है जो हमपर आज 46 साल बाद भी इसकी सच्चाई पर सटीक बैठता है, क्योंकि आज मुद्रा ही सब हो गई है, हर क्षेत्र में मुद्रा का ही बोलबाला है जो हकीकत बन चुका है, परंतु मेरे विचार से यह नहीं होना चाहिए। अगर हम यह गीत सुनेंगे तो हम वर्तमान परिस्थितियों में मेल खाती हुई सच्चाई को महसूस करेंगे। आज भारतीय मुद्रा दो तरह से प्रचलन में हैं। सिक्के और कागजी स्वरूप में,परंतु अंग्रेजों के आने से पहले मुद्रा केवल सिक्के के रूप में ही होती थी। सिक्के के रूप में भी भारतीय मुद्रा में समानता नहीं थी। एक मुद्रा एक स्थान पर तो मान्य थी, लेकिन दूसरे पर नहीं, जैसे हैदराबाद के निजाम के सिक्के अलग थे और सिखों के अलग। यह समानता मुगल लेकर आये और उन्होंने मुद्रा में एकरूपता स्थापित किया। चूंकि 1 नवंबर 2022 को भारतीय मुद्रा प्रणाली को डिजिटल रुपया (ई-रुपया) का आकार दिया गया है इसीलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से इसपर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम भारत में मुद्रा का डिजिटलीकरण की करें तो, भारत सरकार ने 01 फरवरी, 2022 को वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में डिजिटल रुपया लाने की घोषणा की थी, 30 मार्च 2022 को सीबीडीसी जारी करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधनों को सरकार ने राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित की, 01 नवंबर, 2022 को होलसेल ट्रांजेक्शन के लिए डिजिटल रुपया (ई-रुपया)लांच हुआइसको भारतीय रिजर्व बैंक अपनी डिजिटल करेंसी डिजिटल रुपया को लॉन्च कर दिया है। केंद्रीय बैंक (आरबीआई) ने अभी होलसेल ट्रांजेक्शन के लिए डिजिटल रुपया जारी किया है। यह फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने घोषणा की कि भारतीय रुपये के समानांतर डिजिटल ई-रुपये का पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च कर दिया गया है आरबीआई ने कहा हैकि ई-रुपया एक परिवर्तनीय कानूनी निविदा के रूप में कार्य करेगा, जिसके लिए धारकों को बैंक खाता रखने की आवश्यकता नहीं होगी।आरबीआई गवर्नर नेबुधवार को बैंकरों के वार्षिक सम्मेलन में कहा,रिजर्व बैंक महंगाई दर पर उसी तरह नजर रख रहा है, जैसे महाभारत में अर्जुन ने एक घूमने वाली मछली की आंख में तीर मारने के लिए ध्यान केंद्रित करते हुए रखी थी।अर्जुन के कौशल की बराबरी कोई नहीं कर सकता, लेकिन हमारी (आरबीआई) अर्जुन की तरह महंगाई दर पर लगातार नजर रखने की कोशिश है। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब महंगाई दर काफी तेज है और आरबीआई जल्द ही सरकार को इस संबंध में स्पष्टीकरण देगा विश्व बैंक का अनुमान है कि अभी इस तरह दूसरे देशों में पैसे भेजने पर 7 से अधिक का शुल्कचुकाना पड़ता हैजबकि डिजिटल करेंसी के आने से इस मद में 2 तक की कमी आएगी।



> आरबीआई द्वारा जारी डिजिटल एक करेंसी कानूनी टेंडर है। यह फिएट मुद्रा के समान है और फिएट करेंसी के साथ इसे वन-ऑन-वन एक्सचेंज किया जा सकता है। सीबीडीसी, दुनिया भर में, वैचारिक, विकास या प्रायोगिक चरणों में है। दो तरह की होगी सीबीडीसी,(1)रिटेल जो संभवत सभी को इस्तेमाल के लिए उपलब्ध होगी

साथियों बात अगर हम ई-रुपया के इस्तेमालकी करेंतो आरबीआई की ओर पूर्व में शेयर की गई जानकारी के मुताबिक, सीबीडीसी (डिजिटल रुपी) एक पेमेंट का मीडियम होगा, जो सभी नागरिक, बिजनेस, सरकार और अन्य के लिए एक लीगल टेंडर के तौर पर जारी किया जाएगा, इसकी वैल्यू सेफ स्टोर वाले लीगल टेंडर नोट (मौजूदा करेंसी) के बराबर ही होगी। देश में आरबीआई की डिजिटल करेंसी आने के बाद हमको हमारे पास कैश रखने की जरूरत नहीं या कम हो जाएगी, या रखने की जरूरत ही नहीं होगी। करंसी विशेषज्ञों के मुताबिक ई-रुपया टोकन आधारित होगा। इसका मतलब यह है कि आप जिस व्यक्ति को पैसे भेजना चाहते हैं, उसकी पब्लिक 'की' के जरिये भेज सकते हैं। यह एक ईमेल आईडी जैसा हो सकता है। आपको पैसे भेजने के लिए पासवर्ड डालना होगा। ई- रुपया बिना इंटरनेट के भी काम करेगा। हालांकि, इस पर विस्तार से जानकारी आनी बाकी है। ई-रुपया को हम अपने मोबाइल वॉलेट में रख सकेंगे, इसके अलावा यूजर्स इसे बैंक मनी और कैश में आसानी से कन्वर्ट भी करा सकेंगे। सबसे बड़ी बात इस डिजिटल रुपया का सकुर्लेशन पूरी तरह से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नियंत्रण में होगा। डिजिटल करेंसी आने से सरकार के साथ आम लोगों और बिजनेस के लिए लेनदेन की लागत में कमी आएगी। हालांकि, इस डिजिटल करेंसी के आने से देश की मौजूदा भुगतान प्रणालियों में कोई बदलाव नहीं होगा। साथियों बात अगर हम सीबीडीसी को समझने की करें तो, सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) किसी केंद्रीय बैंक की तरफ से उनकी मौद्रिक नीति के अनुरूप नोटों का डिजिटल स्वरूप है। इसमें केंद्रीय बैंक पैसे छापने के बजाय सरकार के पूर्ण विश्वास और क्रेडिट द्वारा समर्थित इलेक्ट्रॉनिक टोकन या खाते जारी करता है। आरबीआई द्वारा जारी डिजिटल एक करेंसी कानूनी टेंडर है। यह फिएट मुद्रा के समान है और फिएट करेंसी के साथ इसे वन-ऑन-वन एक्सचेंज किया जा सकता है। सीबीडीसी, दुनिया भर में, वैचारिक, विकास या प्रायोगिक चरणों में है। दो तरह की होगी सीबीडीसी,(1)रिटेल जो संभवत सभी को इस्तेमाल के लिए उपलब्ध होगी(2)होलसेल सीबीडीसी, इसे सिर्फ चुनिंदा फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस के लिए डिजाइन किया गया है।थोक खंड के लिए होने वाले डिजिटल करेंसी के पायलट प्रोजेक्ट में नौ बैंक होंगे। इनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी बैंक शामिल हैं। ये बैंक गवर्नमेंट सिक्योरिटीज में लेनदेन के लिए इस डिजिटल करेंसी का इस्तेमाल करेंगे। इसे सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी का नाम दिया गया है और भारत की ये पहली डिजिटल करेंसी हमारे लिए बहुत कुछ बदलने वाली है। साथियों बात अगर हम ई रुपया के फायदों की करें तो,देश में आरबीआई की डिजिटल करेंसी आने के बाद हमको अपने पास कैश रखने की जरूरत नहीं होगी। डिजिटल करेंसी आने से सरकार के साथ आम लोगों और बिजनेस के लिए लेनदेन की लागत कम हो जाएगी। ये फायदे भी होंगे बिजनेस में पैसों के लेनदेन का काम होजाएगा आसानसीबीडीसी द्वारा मोबाइल वॉलेट की तरह सेकंडों में बिना इंटरनेट के ट्रांजैक्शन होगाचेक, बैंक अकाउंट से ट्रांजैक्शन का झंझट नहीं रहेगा। नकली करेंसी की समस्या से छुटकारा मिलेगा।पेपर नोट की प्रिंटिंग का खर्च बचेगा। एक डिजिटल मुद्रा की जीवन रेखा भौतिक नोटों की तुलना में अनिश्चित होगी।सीबीडीसी मुद्रा को फिजिकल तौर पर नष्ट करना, जलाया या फाड़ा नहीं जा सकता है। अन्य क्रिप्टोकरेंसी की तुलना में डिजिटल रुपये का एक अन्य प्रमुख लाभ यह है कि इसे एक इकाई द्वारा विनियमित किया जाएगा, जिससे बिटकॉइन जैसी अन्य आभासी मुद्राओं से जुड़े अस्थिरता जोखिम को कम किया जा सकेगा। भारत में मुद्रा का डिजिटलीकरण मौद्रिक इतिहास में अगला मील का पत्थर साबित होगा। ट्रांजेक्शन कॉस्ट घटने के अलावा सीबीडीसी की सबसे खास बात है कि आरबीआई का रेगुलेशन होने से मनी लॉन्ड्रिंग, टेरर फंडिंग, फ्रॉड की आशंका नहीं होगी। इस डिजिटल करेंसी से सरकार की सभी अधिकृत नेटवर्क के भीतर होने वाले ट्रांजेक्शंस तक पहुंच हो जाएगी। सरकार का बेहतर नियंत्रण होगा कि पैसा कैसे देश में प्रवेश करता है और प्रवेश करता है, जो उन्हें भविष्य के लिए बेहतर बजट और आर्थिक योजनाओं के लिए जगह बनाने और कुल मिलाकर अधिक सुरक्षित वातावरण बनाने की अनुमति देगा।

डिजिटल रुपया प्रणाली भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगी।

# भ्रष्टाचार मुक्ति का माध्यम बने सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र

ललित गर्ग

**नरेन्द्र** मोदी ने सबसे पहले देश के प्रधानमंत्री बनते ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प लिया। उन्होंने न खाऊंगा और न खाने दूंगा का शंखनाद किया, उनके दो बार के प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण पाने के लिये अनेक कठोर कदम उठाये गये है और उसके परिणाम भी देखने को मिले हैं, लेकिन भ्रष्टाचार फिर भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। भ्रष्टाचार की जटिल से जटिल होती स्थितियों को देखते हुए ही केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सरकारी संस्थानों, मंत्रालयों और नागरिकों के लिए छह बिंदुओं का सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र जारी किया है, जिसमें उनसे भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पना के साथ जुड़ने का आह्वान किया गया है। प्रतिज्ञा पत्र को आयोग ने भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए विशेष अभियान के तौर पर पेश किया है। राष्ट्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध समय-समय पर ऐसी क्रांतियां एवं प्रशासनिक उपक्रम होते रहे हैं। लेकिन उनका लक्ष्य, साधन और उद्देश्य शुद्ध न रहने से उनका दीर्घकालिक परिणाम संदिग्ध रहा है। प्रश्न है कि सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र की आवश्यकता क्यों पड़ी, क्या इसका हश्र ढाक के तीन पात ही होना है? देश को भ्रष्टाचार मुक्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए। सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र 31 अक्टूबर से 6 नवम्बर 2022 तक आयोजित किये जाने वाले भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत के जागृति अभियान का अभिनव उपक्रम है, इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह में तंद्रा तोड़ने के लिये भैरवी तो बजाने ही पड़ेगी। ईमानदारी के अभ्युदय के लिये ही इस प्रतिज्ञा पत्र में कहा है- जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी से काम करेंगे, नियमों का पालन करेंगे। कभी रिश्वत नहीं लेंगे और न ही देंगे। सभी कार्य ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करेंगे। जनहित में कार्य करेंगे। अपने आचरण में ईमानदारी दिखाएंगे। भ्रष्टाचार की घटना की सूचना संबंधित एजेंसी को जरूर देंगे। ये संकल्प निश्चित ही जन-जन और प्रशासन में बैठे अधिकारी एवं कर्मचारी ले ले तो भ्रष्टाचार को समाप्त होने में देर नहीं लगेगी। लेकिन छोटे-छोटे भ्रष्टाचार के साथ बड़े भ्रष्टाचार को भी नियंत्रित किया जाना जरूरी है। इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐसी क्रांति का शंखनाद किया है जिसमें प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी जैसी एजेन्सियां सक्रिय हुई हैं, जिसने न केवल विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की चूलें हिला दी है बल्कि भ्रष्टाचार के प्रश्न पर भी प्रशासन-शक्ति को जागृत कर दिया है। अब प्रशासन शक्ति जाग गयी है तो राजनीतिक दलों एवं नेताओं का हिलना, आगबबूला होना एवं बौखलाना स्वाभाविक है। आम आदमी पार्टी के मंत्री सत्येन्द्र जैन की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पूछताछ के लिए तलब किया है। अन्य नेता भी इसकी गिरफ्त में आये हैं। दरअसल, सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र ऐसे वक्त में जारी हुआ है, जब माना जाने लगा है कि सरकारी काम बिना लिए-दिए नहीं हो सकता है। ऐसी परिस्थितियों में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मुहिम की जरूरत है, एक जागृति अभियान की आवश्यकता है। सरकारी जांच एजेंसी लगातार राज्यों से लेकर केंद्र में बैठे लोगों पर कार्रवाई भी कर रही है, लेकिन उसका प्रभाव ज्यादा दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि आखिर इस भ्रष्टाचार को हवा कहां से मिल रही है? कौन लोग हैं, जो शीर्ष की सख्ती के बावजूद बेखौफ हैं। कौन है जो सरकारी सेवाओं में भ्रष्टाचार को जगह दे रहे हैं? आखिर प्रशासनिक मशीनरी इसको क्यों नहीं रोक पा रही है? ये ऐसे सवाल है जिनका उत्तर ही हमें भ्रष्टाचार मुक्ति दिशा दे सकती है। रिश्वत एक नासूर है। रिश्वत देने वाला काम जल्दी होने की उम्मीद में रिश्वत दे रहा है। लेने वाला काम करने के बदले रिश्वत ले रहा है। यानी भ्रष्ट-व्यवस्था कायम हैं। काम में विलम्ब या आम आदमी को परेशान करना- यह भ्रष्टाचार को पोषित करने की जमीन है। भले ही अपेक्षित सारे काम करना सरकारी कर्मचारी-अधिकारी की जिम्मेदारी हो, फिर भी भ्रष्टाचार को शिष्टाचार एवं रिश्वत को एक तरह से सुविधा शुल्क मान लिया गया है और इसके लेन-देन को लेकर कहीं कोई अपराध बोध नहीं दिखाई देता। ऐसे में सवाल यही है कि आखिर इस भ्रष्टाचार को खत्म कैसे किया जाए? क्या सिर्फ इस तरह के प्रतिज्ञा पत्र से भ्रष्टाचार दूर होगा? असल में जरूरत है नीचे से लेकर ऊपर तक सुधार करने की। नीचे का व्यक्ति तभी सुधर सकता है, जब ऊपर बैठा हुआ व्यक्ति भी उस सुधार के लिए प्रेरित हो और भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ा हो। भ्रष्टाचार मठे की तरह राष्ट्र में गहरा पैठा है। राष्ट्रीय स्तर पर 1971 के बाद भ्रष्टाचार ने देश में संस्थागत रूप ग्रहण कर लिया, विशेषतः राजनीतिक दलों में यह तेजी से पनपा। खुद पर भ्रष्टाचार के आरोपों के जवाब में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कहा था कि ह्यभ्रष्टाचार तो दुनिया भर में है। सिर्फ भारत में ही नहीं है ह्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी कहा था कि केंद्र सरकार गरीबों के लिये दिल्ली से जब एक रूपया गांवों में भेजती है तो सिर्फ 15 पैसे ही उन तक पहुंच पाते हैं। कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों की यह कैसी लाचारी थी, कैसी विवशता थी। विडम्बना तो यह है कि कुछ राजनीतिक दलों ने इसी भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करके सत्ता हासिल की और सत्ता पर बैठते ही भोली-भाली एवं अनपढ़ जनता की आंखों में धूल झोंकते हुए खुलकर भ्रष्टाचार में लिप्त हो गये हैं।

आजकल राष्ट्र में थोड़े-थोड़े अन्तराल के बाद ऐसे-ऐसे घोटाले, काण्ड, प्रशासनिक रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार के किस्से उद्घाटित हो रहे हैं कि अन्य सारे समाचार दूसरे नम्बर पर आ जाते हैं। पुरानी कहावत तो यह है कि ह्वसच जब तक जूतियां पहनता है, झूठ पूरे नगर का चक्कर लगा आता है ह्न इसलिए शीघ्र चर्चित प्रसंगों को कई बार इस आधार पर गलत होने का अनुमान लगा लिया जाता है। पर यहां तो सभी कुछ सच है। घोटाले झूठे नहीं होते। रिश्वत झूठी नहीं होती। सरकारी कामों में लापरवाही एवं जनता को परेशान करने का प्रचलन झूठा नहीं होता। एक बड़ा सच यह है कि खुद सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारी भी भ्रष्टाचार के शिकार होते हैं। उन्हें अपनी मन-मुताबिक पोस्टिंग के लिये रिश्वत देनी होती है। जब पोस्टिंग में भ्रष्टाचार होगा, तो फिर उस पर बैठने वाला भी भ्रष्टाचार करेगा। जरूरी है कि इसके खिलाफ लड़ाई पूरे मन से शुरू हो। हर कोई अपने स्तर पर इसके खिलाफ खड़ा हो। शासन स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक इसके खिलाफ माहौल बनना चाहिए, तभी इसका फायदा आम आदमी को मिल पाएगा। अन्यथा भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह चट करता रहेगा।

# एक राष्ट्र, एक वर्दी के पीछे खतरनाक इरादे

अरुण श्रीवास्तव

**अपने** स्वभाव के अनुरूप वह एक बार फिर वह पुलिस के लिए 'एक राष्ट्र, एक वर्दी' का एक सुझाव लेकर आये हैं। उनके सुझाव के चरित्र और निहितार्थ को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि उन्होंने अपने विचारों को राज्यों के गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर के सामने रखा था। हालांकि उन्होंने यह कहकर सुरक्षित मार्ग को प्राथमिकता दी कि 'मैं इसे राज्यों पर थोपने की कोशिश नहीं कर रहा हूं'। जुमले ठोंकने और अपने 'मन की बात' सुनाने में माहिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने भावों में स्पष्टता के लिए नहीं जाने जाते, बल्कि उनकी बातों के बाहरी परत के नीचे कुछ इरादे छिपे रहते हैं, जिन्हें देश के लोगों तक पहुंचाने से वे बचते हैं। जब भी वह बोलते हैं तो उनके भाषणों में सिफर और कसक भरी होती है। अपने स्वभाव के अनुरूप वह एक बार फिर वह पुलिस के लिए 'एक राष्ट्र, एक वर्दी' का एक सुझाव लेकर आये हैं। उनके सुझाव के चरित्र और निहितार्थ को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि उन्होंने अपने विचारों को राज्यों के गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर के सामने रखा था। हालांकि उन्होंने यह कहकर सुरक्षित मार्ग को प्राथमिकता दी कि 'मैं इसे राज्यों पर थोपने की कोशिश नहीं कर रहा हूं' लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि उन्होंने सूक्ष्म तरीके से राज्यों को बदलाव के लिए तैयार होने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि 'पुलिस के प्रति उनकी परिकल्पना भले आज साकार न हो, 5, 50, या 100 साल बाद साकार हो सकती है', पर आज हम उनपर विचार करें। यह निश्चित रूप से कोई संयोग नहीं है कि मोदी के प्रस्ताव के सामने आने से पहले, उनके करीबी विश्वासपात्र अमित शाह ने मई 2024 तक सभी राज्यों में एनआईए के कार्यालय खोलने के लिए अपने डिजाइन को उजागर कर दिया था। जिस अवसर पर उन्होंने इसका रहस्योद्घाटन किया वह था राष्ट्रीय जांच एजेंसी के रायपुर शाखा कार्यालय के उद्घाटन का। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक गैर-राजनेता की तरह बोलते हुए, जो सरकार चलाने के लिए खुफिया एजेंसियों पर अधिक निर्भर है, शाह ने घोषणा की कि सरकार 2024 के आम चुनाव से पहले सभी राज्यों में कार्यालयों के साथ एक संघीय अपराध जांच एजेंसी बनना चाहती है। अपने गठन के बाद से ही एनआईए स्वतंत्र रूप से काम कर रही है और सटीक रूप से दबंग तरीके से बोल रही है। किसी में भी इसके अधिकार और फरमान को चुनौती देने का साहस नहीं है। जाहिर है यह राज्य पुलिस व्यवस्था को निष्क्रिय और अप्रासंगिक बनाने के लिए एक अलग साजिश है। एक पुलिस पर मोदी और शाह के जोर देने के पीछे एक ही सूत्र है -दोनों राज्यों को अधीनता में बदलने और कमजोर करने का इरादा रखते हैं। राज्य केंद्र की दया पर होंगे जैसा कि दिल्ली के मामले में है। राज्यों की स्वतंत्र संघटना बनी रहेगी इस पर भरोसे से नहीं कहा जा सकता। एक पुलिस की अवधारणा को लागू करने से देश भर में पुलिस की पहचान समान हो सकती है ऐसा कहा गया। मोदी ने यह भी कहा कि इससे अपराधों और अपराधियों से निपटने के लिए राज्यों के बीच घनिष्ठ सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। क्या उनका यह कहने का इरादा है कि वर्तमान स्थिति में राज्यों का प्रभावी सहयोग नहीं है? राज्यों में प्रतिकूल स्थितियों में अपने चुनावी हित के लिए मोदी और शाह का इरादा अपनी खुद की पुलिस रखने का है जो उनकी मदद और कॉल पर होगी। अपने डिजाइन को लागू करने की उनकी जल्दबाजी ने उनके इरादे को सवालों के घेरे में ला दिया। वे 2024 के लोकसभा चुनाव तक इंतजार कर सकते थे। वे वास्तव में इसे चुनावी एजेंडा बना सकते थे। मोदी सरकार के राज में पुलिस की बदनामी हुई है। दिल्ली पुलिस की कार्यप्रणाली, जो सीधे शाह के अधीन है, अत्याचारी और जनविरोधी हो गई है, जिसकी वैश्विक मंच पर चर्चा और बहस भी होती है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की तथ्यान्वेषी समिति ने इस सच्चाई को उजागर किया है।

## दुनिया तरह तरह के लोगों का जमावड़ा

**दुनिया** तरह तरह के लोगों का जमावड़ा है। हर तरह के लोगों से पाला पड़ता है। अच्छे लोग छाप छोड़ कर जाते नहीं रहते हैं सम्बन्धों में , स्मृति में और दिन प्रति दिन की वार्ता में। दूसरे कि स्म के लोग अपनी नकारात्मक छवि दिखा कर क्षणिक दुखी कर के चले जाते हैं अपने बुरे रूप की छवि अंकित कर के।बातें करना अच्छी बात है। सम्पर्क में रहने से हम एक दूसरे से बहुत सी बातें सीखते हैं साथ ही समयानुसार सुख दुख भी बाँट सकते हैं। किस से बात करनी है किस से नहीं यह निजी निर्णय होता है हृदय हर किसी से बात करने को आतुर नहीं होता।साहित्य व अन्य कला या समाज से जुड़े व्यक्तियों की सराहना कर के उन्हें यथावत आदर सम्मान दिया जाना आवश्यक है परंतु वेवजह नहीं। वैसे लोगों को भूल वश सम्मान नही करना चाहिए,जिनका दिमाग अहम से भरा हो जिन्हें लगने लगे लोग हमे भगवान मानते है। उसका यदि कोई सच में महान है तो वो ऐसा व्यवहार बिल्कुल नहीं करेगा। नकारात्मक स्वतंत्रता वाले लोगों के लिए व्यक्तिगत हित और सामाजिक हित दोनों अलग अलग होते है जबकि सकारात्मक स्वतंत्र सोच वाले लोगों के लिए व्यक्तिगतहित और सामाजिक हित में कोई विरोध नही होता। नकारात्मक सरोकार के लोग अहस्तक्षेप आपको समाज परिवार के खिलाफ अनुलंघनिय क्षेत्र से बाहर की स्थिति का पक्षधर व्याख्या कर आपको नकारात्मक बीज जरूर छोड़ जाएंगे।ऐसे लोग साइलेंट किलर स्नेक के भांति विषाक्त होते है।

# एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर वांछित व वारंटियों की गिरफ्तारी को जारी अभियान के क्रम में मऊ थाने के दरोगा बालकिशुन ने छेडछाड के वांछित राहुल कुमार उर्फ छोटू पुत्र नंचू निवासी छिवलहा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

गुरुवार को इसी क्रम में दरोगा सत्यपति त्रिपाठी ने वांछित चन्द्रकुमार पत्र रामखिलावन केवट निवासी तीरधुमाईगंगू थाना सरधुआ को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय गोरखपुर के विवेचकों ने वैज्ञानिक साक्ष्यों से विवेचकों को प्रशिक्षित करने को आनलाइन प्रशिक्षण चलाया। इसमें एसपी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय



एसपी सोनकर की अध्यक्षता में विवेचकों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। बालिकाओं की सुरक्षा एवं विश्वास बढाने की गरज से मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीमों ने बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड व गांवों में भ्रमण कर छात्र-छात्राओं व महिलाओं की सुरक्षा तथा सहायता को शासन से जारी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं-बालिकाओं को बताया कि 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों में स्थापित महिला हेल्पडेस्क के बारे में बताया। महिलाओं व बालिकाओं को जागरूकता पम्पलेट बांटकर सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किये।

# राज्य-केन्द्र देगी विद्युत कनेक्शन पर अनुदानः सीडीओ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि घरेलू विद्युत कनेक्शन के आधार पर सोलर रुफटाप आन ग्रिड सिस्टम लगाने पर राज्य सरकार एवं भारत सरकार अनुदान देगी। उपभोक्ता अपने घरेलू विद्युत कनेक्शन की क्षमता के आधार पर आन ग्रिड रुफटाप सिस्टम लगवाने को भारत सरकार से संचालित नेशनल पोर्टल पर आवेदन पंजीकरण कर केन्द्र व राज्य दोनों से लाभ ले सकते हैं।

गुरुवार को सीडीओ अमृतपाल कौर ने बताया कि इस बाबत विस्तृत जानकारी यूपी नेडा पोर्टल पर उपलब्ध है। लाभार्थी अपने वेंडर संयन्त्र स्थापना कर्ता फर्म का चयन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। संयन्त्र की स्थापना के बाद राज्य अनुदान यूपी नेडा एवं केन्द्र अनुदान संबंधित डिस्काम विद्युत विभाग के संयन्त्र की क्षमता के आधार पर लाभार्थी के खाते में डीबीटी से मिलेगा। राज्य व केन्द्र अनुदान के लिए जीरो से एक किलोवाट में 15 हजार रुपये किलोवाट, जीरो से तीन किलोवाट 14588 रुपये किलोवाट, एक किलोवाट से अधिक राज्य अनुदान तीस हजार रुपये, तीन किलोवाट से अधिक दस किलोवाट तक में 45764 . 7294 किलोवाट है। सोलर सिस्टम से प्रति किलोवाट लगभग चार यूनिट प्रतिदिन विद्युत उत्पादन होता है। एक किलोवाट संयन्त्र एक माह में लगभग 120 यूनिट का विद्युत उत्पादन होगा। इससे उपभोक्ता को 120 यूनिट का बिजली बिल कम देना पडेगा। उपभोक्ता के संयन्त्र पर व्यय की गई धनराशि तीन से चार वर्ष में वसूल हो जाती है।

उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी परियोजना अधिकारी यूपी नेडा विकास भवन एवं अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड पटेल चैराहा से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा मोबाइल नम्बर 9415703914 एवं 9415909215 पर जानकारी ले सकते हैं

# मेन्यू के अनुसार दें लंच व नाश्ताः अखिलेश पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने सीडीओ को लिखे पत्र में कहा है कि जिले में संचालित बीआरसी केन्द्र में शिक्षकों के सेवारत प्रशिक्षण में सुबह के चाय-नाश्ते एवं दोपहर के लंच व शाम के चाय-नाश्ता मेन्यू के आधार पर नहीं दिया जा रहा।

गुरुवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि चाय-नाश्ते के टेंडर में फैजाबाद की किसी फर्म को ठेका दिया गया है। प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों के संगठन को बताया कि संबंधित फर्म ने कच्ची भजिया व प्रतिदिन पूडी व गुणवत्ता विहीन नाश्ता व लंच दिया जा रहा है। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ की सभी ब्लाक इकाईयों में ज्ञापन देकर मेन्यू के अनुसार बीआरसी में लंच व नाश्ता चस्पा करने को ज्ञापन दिया है।

उन्होंने बताया कि खण्ड शिक्षाधिकारी पहाडी ने बीआरसी में मेन्यू चस्पा कराया है। मेन्यू के अनुसार अन्य खण्ड शिक्षाधिकारियों से भी मेन्यू चस्पा कराया गया है, किन्तु संबंधित ठेकेदार मेन्यू के अनुसार नाश्ता व लंच नहीं दे रहा है। इस बाबत शिक्षकों के आपत्ति करने पर ठेकेदार ने कहा कि जब तक उच्चाधिकारी नहीं कहेंगे, तब तक मेन्यू के आधार पर नाश्ता व लंच नहीं दिया जायेगा। उन्होंने मांग किया कि अधिकृत मेन्यू को सार्वजनिक कर मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण नाश्ता व लंच दिलाने का आदेश दिया जाये।

# गन्दगी हटाओ-झाड़ू चलाओ के तहत निकाला जुलूस

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी टीम ने सांसद संजय सिंह के निर्देश पर पुरानी कोतवाली से ट्राफिक चैराहा होते हुए पटेल तिराहे तक जुलूस निकालकर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया।

गुरुवार को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने कहा कि जिले की नगर पालिका व नगर पंचायत में फैले भ्रष्टाचार को हटाने को झाड़ू यात्रा की शुरूवात की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवार प्रमोद सोनी व




मऊ नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के सम्भावित उम्मीदवार रुखसाना बेगम, अंकित सिंह पटेल, नर्मदा प्रसाद यादव, दिलीप सिंह पटेल, अविनाशचन्द्र त्रिपाठी, संतोष गुप्ता, राजबहादुर साहू, सुमन विश्वकर्मा आदि के साथ जुलूस पुरानी कोतवाली से पटेल तिराहा तक चला।

जुलूस की अगुवाई कर रहे आप जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने कहा कि आगामी दिनों में आम आदमी पार्टी का नगर निकाय चुनाव के बाद निकायों में कब्जा होगा।

आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ रही है। नगर पालिका व नगर पंचायतों के भ्रष्टाचार को हटाने को झाड़ू यात्रा की शुरूवात की गई है।

# डायलिसिस सेंटर का शुभारम्भ करते सांसद व डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल व डीएम अभिषेक आनन्द तथा सीडीओ अमृतपाल कौर की मौजूदगी में संयुक्त जिला अस्पताल सोनेपुर में निःशुल्क होमोडायलिसिस का फीता काटकर लोकार्पण किया।

गुरुवार को सांसद व जिलाधिकारी ने डायलिसिस हाल में भर्ती शैलेश सिंह गुप्तगोदावरी का हालचाल जाना। डायलिसिस सेंटर संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता की कम्पनी व सरकार




के साथ अनुबंध है। इस डायलिसिस सेंटर में मरीजों से कोई पैसा नहीं लिया जायेगा। इसका वहन सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यालय में होमो डायलिसिस सेंटर बनने से जिले के लोगो को काफी सहूलियत होगी।

इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, राजकुमार त्रिपाठी, आशीष रघुवंशी, सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा, डायलिसिस यूनिट के मैनेजर डॉ हदयपाल, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर, हेड आफिस से देवाशीषचन्द्र, संदीप पाल, स्टाफ नर्स सुमन गौतम, आरती सिंह, लैब टेक्नीशियन हिमांशु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# कर्ज न चुकाने पर दो बकायेदारों को भेजा जेल

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के प्रभारी तहसीलदार विवेक कुमार ने दो बकायेदारों को जेल भेजा है। मऊ में भी एक बकायेदार ने धनराशि नहीं जमा की है।

गुरुवार को मानिकपुर के एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में बडे बकायेदारों से वसूली की कार्यवाही की जा रही है।

इंडियन बैंक मानिकपुर के 1586665 रुपये के बकायेदार ऊंचाडीह के निवासी को बैंक कर्मियों के साथ प्रभारी तहसीलदार एवं संग्रह अमीन ने अभियान के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा है। तहसील के




2158000 रुपये के बकायेदार रुकमाबुजुर्ग मजरा कुसहाड के व्यक्ति को भी हवालात में बन्द किया गया।

इसी प्रकार मऊ एसडीएम नवदीप शुक्ला के निर्देश पर जारी अभियान के तहत इंडियन बैंक मऊ शाखा के 13 लाख रुपये के बकायेदार ताडी निवासी एक व्यक्ति को तहसील लाकर पांच लाख रुपये की धनराशि जमा कराई गई।

# नगर निकाय चुनाव में बूथों को करें दुरुस्तः एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मानिकपुर नगर निकाय के चुनाव के मद्देनजर एसडीएम व नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय पुराना मानिकपुर, आदर्श इंटर कालेज, पूर्व माध्यमिक विद्यालय आदि बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये।

गुरुवार को एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने बूथों में विद्युतीकरण, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था करने के निर्देश ईओ रामआशीष वर्मा को दिये।




बूथों में जो भी कमियां हैं, उन्हें तत्काल सुधार करवाने को कहा। आगामी नगर निकाय चुनाव को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने को एसडीएम ने बूथों का निरीक्षण कर समय से विद्युतीकरण शौचालय, पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश ईओ नगर पंचायत को दिये।

एसडीएम ने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर नगर निकाय चुनाव के लिए बूथों का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है। बूथों की इमारत, शौचालय, विद्युत व पेयजल व्यवस्था को देखा गया है। कमी मिलने पर संबंधित अधिकारी को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये गये हैं। निरीक्षण में नगर पंचायत के लिपिक बलराम प्रसाद पाण्डेय व सचिन पाठक आदि मौजूद रहे।

# अर्शदीप के फैन हुए रोहित, बोले- हमने उसे डेथ ओवरों के लिए तैयार किया है

**एडिलेड ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने यहां कहा की टीम ने अर्शदीप सिंह को डेथ ओवरों के लिए तैयार किया है जो कि चोटिल जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में कारगर साबित हो रहा है। कप्तान के अनुसार अर्शदीप और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी में से कोई एक विकल्प होता। तेईस वर्षीय अर्शदीप ने बांग्लादेश के खिलाफ पांच रन से मिली जीत में डेथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की। बांग्लादेश को अंतिम ओवर में 20 रन की दरकार थी। नुरुल हसन ने अर्शदीप पर छक्का और चौका लगाया लेकिन यह गेंदबाज शांतचित बना रहा और दो शानदार यार्कर करके उन्होंने भारत को जीत दिलाई।

रोहित ने मैच के बाद कहा,'' जब अर्शदीप टीम में आया तो हमने उससे डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने के लिए कहा। बुमराह टीम में नहीं है और ऐसे में यह काम किसी के लिए भी




आसान नहीं था। एक युवा गेंदबाज का इस तरह की भूमिका निभाना आसान नहीं है लेकिन हमने उसे तैयार किया।' उन्होंने कहा, ''वह पिछले आठ नौ महीनों से यह भूमिका निभा रहा है। अगर कोई किसी काम को लगातार कर रहा है तो मैं उसका समर्थन करता हूं। हमारे पास शमी और अर्शदीप विकल्प थे। ' रोहित ने मैच के बारे में कहा,'' मैं शांत चित था लेकिन साथ ही कुछ नर्वस भी था। टीम के रूप में अपनी रणनीति पर अमल करने के लिए शांत बने रहना महत्वपूर्ण होता है। कम ओवर के मैच में कोई भी टीम जीत सकती है। लेकिन बारिश के बाद जब खेल शुरू हुआ तो हमने संयम बनाए रखा और आखिर में हमें एक अच्छी जीत मिली। '

रोहित ने कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा,'' कोहली अच्छी लय में था बस यह कुछ अच्छी पारियों से जुड़ा मामला था। एशिया कप के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह बेहद अनुभवी हैं। इसके अलावा आज जिस तरह से केएल राहुल ने बल्लेबाजी की वह उसके और टीम के लिए अच्छा है।' बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन को इस बात की निराशा थी कि उनकी टीम आईसीसी टूर्नामेंट में फिर से जीत के करीब पहुंचने के बाद हार गई। उन्होंने कहा,'' जब हम भारत के खिलाफ खेलते हैं तो ऐसा होता है। हम जीत के करीब थे लेकिन अंतिम रेखा पार नहीं कर पाए। यह शानदार मैच था जिसका दर्शकों और दोनों टीम ने भरपूर लुत्फ उठाया। आखिर में किसी एक को जीत मिलनी थी तो किसी को हार।' शाकिब ने 60 रन की धुआंधार पारी खेलने वाले लिटन दास की तारीफ करते हुए कहा,'' लिटन ने वास्तव में बेहतरीन बल्लेबाजी की। वह अभी हमारा संभवतः सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। हमें लग रहा था कि इतनी अच्छी शुरुआत के बाद हम मैच जीत सकते हैं। हमारी रणनीति भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को जल्दी आउट करना था और इसलिए मैंने तसकीन अहमद को शुरू में ही चारों ओवर करा दिए थे।'

# भारत से हार के बाद बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन बोले- हम यही चाहते थे

**एडिलेड ।** बांग्लादेश को वर्षा प्रभावित मैच में भारत से 5 रन से हार का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश ने अच्छी टक्कर दी, लेकिन वह लक्ष्य को हासिल करने से चूक गए। मैच के बाद बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने कहा कि यह शानदार खेल था और हम यही चाहते थे। अंत में किसी को जीतना है और किसी को हारना है।

बांग्लादेश कप्तान शाकिब अल हसन ने मैच के बाद कहा, जब हम भारत के खिलाफ खेलते हैं तो यही कहानी रही है, हम लगभग वहां होते हैं लेकिन हम लाइन पार नहीं करते। दोनों टीमों ने इसका लुत्फ उठाया, यह शानदार खेल था और हम यही चाहते थे। अंत में किसी को जीतना है और किसी को हारना है। लिटन दास की तारीफ करते हुए बांग्लादेश के कप्तान ने कहा कि वह हमारे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। जिस तरह से उन्होंने पावरप्ले में बल्लेबाजी की, उससे हमें काफी गति मिली और हमें विश्वास दिलाया कि हम यहां शॉर्ट बाउंड्री के साथ इसका पीछा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत के टॉप फोर पर नजर डालें तो वे बेहद खतरनाक हैं। हमारी योजना उन 4 का विकेट हासिल करने की थी और इसलिए हमने तस्कीन को गेंदबाजी पर भेजा। दुर्भाग्य से उसे विकेट नहीं मिला लेकिन वह बहुत किफायती था। हम इस विश्व कप में बहुत आराम से रहे और क्रिकेट के बारे में ज्यादा बात नहीं कर रहे हैं। हमें एक और मैच खेलना है और हम उस पर ध्यान देना चाहते हैं। गौर हो कि भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल (50) और विराट कोहली (64) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 6 विकेट गंवाकर बांग्लादेश को 185 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में बांग्लादेश ने दास (60) की अर्धशतकीय पारी और बिना विकेट गंवाए 66 रन बनाए। लेकिन बारिश के कारण मैच को रोकना पड़ा और इसके बाद मैच 16 ओवर और लक्ष्य 151 कर दिया गया। मैच दोबारा शुरू होने के बाद बांग्लादेश को एक अंतराल पर झटके लगे और टीम टीम 6 विकेट गंवाकर 145 रन ही बना सकी और 5 रन से हार गई।

# बंगाल ने शानदार वापसी करते हुए थलाइवाज को टाई पर रोका

**पुणे।** बालेवाड़ी स्थित श्री शिवछत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतिम रेड तक चला वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सीजन का 55वां मैच 41-41 से बराबरी पर समाप्त हुआ। तमिल थलाइवाज के खिलाफ बंगाल वारियर्स हाफ टाइम तक 12 अंक से पीछे थे लेकिन दूसरे हाफ के अंतिम पलों में वे मैच जीतने की कगार पर थे लेकिन शायद किस्मत को यह मंजूर नहीं था। दोनों टीमों का यह नौवां मैच था। बंगाल को इससे पहले चार में जीत और चार में हार मिली थी जबकि थलाइवाज को तीन में जीत और चार में हार मिली थी। इससे पहले भी उसका एक मैच टाई रहा था। मनिंदर सिंह (19) ने बंगाल को मुश्किल से निकालकर जीत की स्थिति में पहुंचाया। दीपक हुड्डा (11) ने उनका बेहतरीन साथ दिया।थलाइवाज के लिए नरेंदर (15) ने एक और सुपर-10 पूरा किया जबकि अजिंक्य पवार ने 9 अंक जुटाए। साथ ही डिफेंस में मोहित ने शानदार हाई-5 लगाया।मनिंदर ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ शुरुआत की लेकिन अगली रेड पर डैश कर दिए गए। चार मिनट बाद स्कोर 4-4 था। हालांकि अजिंक्य ने डू ओर डाई रेड पर दो अंक लेकर थलाइवाज को 6-4 से आगे कर दिया। इसके बाद थलाइवाज ने लगातार दो अंक ले 3 अंक की लीड ले ली। फिर थलाइवाज ने बंगाल को ऑल आउट की ओर धकेला लेकिन मनिंदर ने इसे टाल दिया लेकिन नरेंदर ने गिरीश का शिकार कर फिर वही स्थिति ला दी। जाधव ने हालांकि मल्टी प्वाइंट रेड के साथ फिर ऑलआउट टाल दिया लेकिन नरेंदर ने सुपर रेड के साथ बंगाल को आलआउट कर दिया। अब थलाइवाज 15-9 से आगे थे।आलइन के बाद भी थलाइवाज ने लगातार दो अंक लिए। बंगाल का डिफेंस अब तक खाता नहीं खोल सका था। अजिंक्य ने डू ओर डाई रेड पर मनिंदर को रिवाइव कराया और मनिंदर ने आते ही अंक लिया। अगली रेड पर हालांकि वह लपक लिए गए। थलाइवाज 10 अंक से आगे थे। बंगाल के लिए सुपर टैकल आन था। इसी बीच नरेंदर ने सुपर-10 पूरा किया। फिर बंगाल को दूसरी बार ऑल आउट कर थलाइवाज ने 25-10 की लीड ले ली। मनिंदर ने हालांकि मल्टी प्वाइंट रेड के साथ पहला हाफ समाप्त किया लेकिन थलाइवाज के पास 12 अंकों की लीड थी।

ब्रेक के बाद थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन था। अजिंक्य ने मनिंदर को सुपर टैकल कर स्कोर 29-15 कर दिया। मनिंदर ने हालांकि सुपर रेड के साथ अपना सुपर-10 पूरा किया और थलाइवाज को ऑल आउट कर स्कोर 30-21 कर दिया। फिर दीपक ने नरेंदर को लपक बंगाल को डिफेंस में पहला अंक दिलाया।मनिंदर ने एक और सुपर रेड के साथ स्कोर 27-32 कर दिया। थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन था। वे इसका फायदा नहीं उठा सके और दूसरी बार ऑल आउट हुए। स्कोर अब 32-33 था। बीते 10 मिनट में बंगाल ने 16 जबकि थलाइवाज ने 4 अंक लिए थे। दो मिनट बाकी थे और बंगाल को एक अंक की लीड मिली हुई थी। अजिंक्य ने दो अंक की रेड के साथ थलाइवाज को एक अंक की लीड दिला दी। नरेंदर रिवाइव हो चुके थे। हालांकि मनिंदर ने दो अंकों के साथ बंगाल को फिर 38-37 से आगे कर दिया। हालांकि नरेंदर ने स्कोर फिर बराबर कर दिया।

# सऊदी अरब ने खुफिया जानकारी साझा करके अमेरिका से कहा, ईरान कर रहा हमले की तैयारी

**– अमेरिका ने ईरान में चल रहे प्रदर्शनों को दबाने के लिए बल प्रयोग करने की आलोचना की**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के साथ खुफिया जानकारी साझा करके सऊदी अरब ने दावा किया है कि हिजाब विरोधी आंदोलन का सामना कर रहा ईरान जल्द ही उस पर हमला कर सकता है। ईरान में चल रहे आंदोलन से ध्यान बंटाने के लिए ईरान जल्द ही सऊदी अरब पर हमले की तैयारी कर रहा है। अमेरिका ने ईरान में चल रहे प्रदर्शनों को दबाने के लिए बल प्रयोग करने की आलोचना की है।

ईरान में इस समय हिजाब विरोधी आंदोलन उग्र रूप से चल रहा है। इसी बीच सऊदी अरब ने अमेरिका को चौंकाने वाली जानकारी साझा की है। सऊदी अरब की ओर से कहा गया है कि ईरान में चल रहे आंदोलन से ध्यान बंटाने के लिए ईरान जल्द ही सऊदी अरब पर हमले की तैयारी कर रहा है। सऊदी अरब के




दावे और ईरानी हमले की बढ़ती चिंताओं के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से ईरान में चल रहे प्रदर्शनों को दबाने के लिए बल प्रयोग की आलोचना की गयी है। साथ ही बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में उपयोग के लिए ईरान द्वारा रूस को सैकड़ों ड्रोन दिये जाने की भी निंदा की है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि अमेरिका खतरे की आशंकाओं को लेकर चिंतित है। अब सऊदी अरब की आशंका के बाद अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने बयान जारी कर संभावित हमलों को लेकर चिंता जाहिर की है। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सैन्य व खुफिया माध्यमों से लगातार सऊदी अरब के संपर्क में है। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने चेतावनी भी दी है कि अमेरिका अपने हितों और भागीदारों की रक्षा करने में बिल्कुल नहीं हिचकिचाएगा।

इस बीच सऊदी अरब द्वारा अमेरिका के साथ खुफिया जानकारी साझा करने की पुष्टि करने वाले एक अधिकारी ने कहा कि जल्द ही या 48 घंटे के भीतर हमले का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने कहा कि अमेरिकी सेना क्षेत्र में खतरे की स्थिति को लेकर चिंतित है। राइडर ने दावा किया अमेरिकी सेना अपने सऊदी भागीदारों के साथ नियमित संपर्क में है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना अपने रक्षा व बचाव के अधिकार को बनाए रखेगी।

# भगौड़े राजविंदर सिंह पर सवा पांच करोड़ का इनाम घोषित, क्वींसलैंड में महिला की हत्या में है वांछित

**क्वींसलैंड।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में वर्ष 2018 में हुई टोया कॉर्डिंग्ले की हत्या के संदिग्ध राजविंदर सिंह पर पुलिस ने 10 लाख डॉलर (5,27,15,062 रुपये) का इनाम घोषित किया है। उसका सुराग देने वाले को यह राशि दी जाएगी। ऑस्ट्रेलिया की पुलिस ने दुनियाभर के लोगों से आरोपी को दबोचने में सहयोग की अपील की है। 24 साल की टोया 21 अक्तूबर 2018 को उस वक्त लापता हो गई थी, जब वह अपने पालतू कुत्ते को घुमाने ले गई थी। अगले दिन सुबह उसके पिता को उसका शव 40 किलोमीटर दूर केर्न्स के उत्तर में वांगेट्टी समुद्र तट पर मिला था। संदिग्ध आरोपी राजविंदर सिंह पर घोषित इनाम क्वींसलैंड के इतिहास में सबसे बड़ा है।

पुलिस को उम्मीद है कि इतने बड़े इनाम के कारण उसे 38 साल के आरोपी राजविंदर सिंह को खोजने में कामयाबी मिल जाएगी। राजविंदर सिंह वहां मेल नर्स के





रूप में काम करता था। उसने टोया का अपहरण करने के बाद समुद्र तट पर ले जाकर कथित तौर पर हत्या कर दी थी।

**भारत में देखा गया था आरोपी राजविंदर सिंह**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आरोपी सिंह आखिरी बार भारत में देखा गया था। पुलिस को जांच में पता चला कि वह हत्या के दो दिन बाद अपनी नौकरी, पत्नी और तीन बच्चों को छोड़कर ऑस्ट्रेलिया से भारत भाग गया था। पुलिस पहली बार 23 अक्तूबर 2018 को राजविंदर सिंह के ऑस्ट्रेलिया छोड़ने की वक्त ली गई तस्वीरें जारी की हैं। आरोपी भारत भागने से पहले सिडनी गया था। सिडनी एयरपोर्ट के सीसीटीवी फुटेज में वह वहां दो अलग-अलग तरह की ड्रेस में नजर आया था। ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने मार्च 2021 में आरोपी राजविंदर सिंह को प्रत्यर्पित करने की अपील की थी। वह उत्तरी क्वींसलैंड के इनिसफैल इलाके में रहता था। वह मूल रूप से पंजाब के बुट्टर कलां का रहने वाला है। पुलिस की जासूसी प्रकोष्ठ की प्रमुख सोनिया स्मिथ ने कहा कि यह इनाम अनोखा व सबसे बड़ा है। आरोपी के भारत भागने की पुष्टि हो चुकी है। न्यूज डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार एक विशेष जांच प्रकोष्ठ बनाया गया है, जिसके अधिकारी भारत में किसी से भी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। व्हाट्सएप के जरिए भी आरोपी के ठिकाने की जानकारी दी जा सकती है। पुलिस मंत्री मार्क रैयान ने कहा कि इस व्यक्ति पर बहुत ही जघन्य अपराध का आरोप है। एक ऐसा अपराध जिसने एक परिवार को तोड़ कर रख दिया है।

# हथियारों के लिए भारत पर निर्भर हो रहे अफ्रीकी देश, 2017 से जल-थल-नभ की सुरक्षा में निभाई भूमिका

**जोहानसबर्ग ।** अफ्रीकी देशों की सामुद्रिक और वायु सुरक्षा व रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत एक अहम देश बनकर उभरा है। बीते वर्षों में वह इन देशों के लिए अहम रक्षा व सैन्य उत्पाद निर्यातक बना है। इनमें मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशल्स शामिल हैं, जिन्होंने 2017 से 2021 के दौरान भारत से सबसे ज्यादा रक्षा उत्पाद खरीदे। यह जानकारी इंडियन एक्जिम बैंक ने अपनी नई रिपोर्ट में दी है। इसमें भारत और दक्षिणी अफ्रीकी देशों के मजबूत होते आर्थिक संबंधों को विषय बनाया गया। भारत और अफ्रीकी देशों की बढ़ती साझेदारी पर सीआईआई व एक्जिम बैंक द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कॉन्क्लेव में यह रिपोर्ट जारी हुई। कॉन्क्लेव में विभिन्न सरकारी अधिकारी, उद्योगों के प्रतिनिधि और कारोबारी शामिल हुए। रिपोर्ट के अनुसार, भारत अफ्रीकी देशों की जरूरतों के अनुसार रक्षा सहयोग दे रहा है तो उनकी क्षमता बढ़ाने, प्रशिक्षण और मानवीय मदद में भी शामिल है। उपकरण व जहाजों के लिए भी सहयोग दिया जा रहा है। एजेंसी हथियारों के निर्यात का डाटाबेस रखने वाले संस्थान स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार 2017 से 2021 की अवधि में भारत विश्व का 23वां सबसे बड़ा रक्षा निर्यातक बन चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का रक्षा मंत्रालय हिंद महासागर के किनारे मौजूद देशों की एसोसिएशन (आईओआरए) को भी मजबूत बना रहा है। इनसे दक्षिण अफ्रीका, केन्या, तंजानिया, मॉरीशस, सेशेल्स और मैडागास्कर में नये प्रोजेक्ट्स पर काम किया जा रहा है। - 2017 से 2021 के दौरान देश से शस्त्र निर्यात में 6.6 प्रतिशत मॉरीशस, 5 प्रतिशत मोजाम्बिक और 2.3 प्रतिशत सेशेल्स का हिस्सा था।

## मकाओ ने चक्रवात नलगा के लिए तीसरी सबसे बड़ी चेतावनी की जारी

**मॉस्को।** मकाओ मौसम विज्ञान और भूभौतिकीय ब्यूरो ने उष्णकटिबंधीय चक्रवात नलगा के लिए तीसरी सबसे बड़ी तूफान चेतावनी जारी की है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ब्यूरो ने कहा कि, गुरुवार को तूफान मकाओ के बहुत पास होने की उम्मीद है, जिससे बारिश हो सकती है। उन्होंने निवासियों से जलभराव के



खिलाफ निवारक उपाय करने का आग्रह किया। मकाओ मरीन एंड वाटर ब्यूरो ने कहा कि, सभी समुद्री परिवहन रद्द कर दिए गए हैं। नोवेल कोरोनावायरस रिस्पांस एंड कोऑर्डिनेशन सेंटर ने कहा कि, शहर भर में न्यूक्लिक एसिड परीक्षण स्टेशनों ने संचालन को निलंबित कर दिया है। मकाओ प्रायद्वीप और ताइपा-कोलोएन को जोड़ने वाले तीन पुल और जुहाई के ताइपा-कोलोएन और हेंगकिन द्वीप को जोड़ने वाले लोटस ब्रिज को सुरक्षा कारणों के चलते बंद कर दिया गया है। मकाओ के किंडरगार्टन और प्राथमिक स्कूलों में कक्षाएं रद्द कर दी गई हैं।

## रूसी अनाज की पैदावार ने नया रिकॉर्ड बनाया

**मॉस्को।** रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तीन ने कहा कि रूस ने इस साल अनाज उत्पादन में एक नया रिकॉर्ड हासिल किया है, जो अब तक 15 करोड़ टन अनाज पैदा कर चुका है। मिशुस्टिन ने एक सरकारी बैठक में कहा, 'जैसा कि देश भर में कटाई समाप्त हो रही है, कृषि क्षेत्र ने इस साल एक उत्कृष्ट परिणाम दिखाया है, जो रूस की खाद्य सुरक्षा के स्तर को और बढ़ाएगा।'



उन्होंने कहा, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में आलू, ग्रीनहाउस सब्जियों, फलों, सोयाबीन और रेपसीड की उपज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मिशुस्टिन के अनुसार, रूसी सरकार ने इस साल की शुरूआत में देश के कृषि विकास के लिए लगभग 380 बिलियन रूबल (लगभग 6.2 बिलियन डॉलर) आवंटित किए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक फोन कॉल के दौरान इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो से कहा कि रूस फ्री में अनाज देने के लिए तैयार है।

## मस्क ने कहा- इंटरनेट पर सबसे दिलचस्प मंच है ट्विटर

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया साइट ट्विटर की कमान संभालते ही इसके मालिक उद्योगपति एलन मस्क इसमें कई बदलाव लाने का ऐलान कर चुके हैं। मस्क ने अब कहा है कि ट्विटर इंटरनेट पर सबसे दिलचस्प मंच है। इससे पहले मस्क ने ट्विटर पर ब्लू टिक के लिए हर महीने 8 डॉलर और नेताओं और विशेष हस्तियों के लिए खास टैग सहित कई बदलाव करने की बात की थी।मस्क ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि ट्विटर इंटरनेट पर सबसे दिलचस्प स्थल है। यही वजह है कि आप अभी इस ट्वीट को पढ़ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने ट्वीट करके कहा था कि दाएं-बाएं दोनों ओर से एक साथ हमला होना अच्छा संकेत है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# उत्तर कोरिया ने अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल दागी : सियोल

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने गुरुवार को एक संदिग्ध अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) और दो छोटी दूरी की मिसाइलें पूर्वी सागर की ओर दागीं। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि प्योंगयांग के सुनन क्षेत्र से सुबह करीब 7.40 बजे लंबी दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण और काचॉन से दो कम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइलों (एसआरबीएम) दागी गई हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबी दूरी की मिसाइल ने लगभग 1,920 किमी की गति से लगभग 760 किमी की उड़ान भरी और दो एसआरबीएम ने लगभग 330 किमी की गति से लगभग 70



किमी की ऊंचाई की यात्रा की।

यह मई के बाद उत्तर कोरिया की ओर से आईसीबीएम की पहली फायरिंग है। दो दर्जन से अधिक मिसाइलों को दागने के एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने यह कार्रवाई की है। इनमें से एक ने 1950-53 के कोरियाई युद्ध की समाप्ति के बाद पहली बार वास्तविक समुद्री अंतर-कोरियाई सीमा से दक्षिण की ओर उड़ान भरी।

उत्तर कोरिया की इस कार्रवाई को दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त हवाई अभ्यास के विरोध में माना जा रहा है। इस बीच अटकलें हैं कि प्योंगयांग जल्द ही परमाणु परीक्षण कर सकता है।

प्योंगयांग सियोल और वाशिंगटन के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास को आक्रमण मानकर निंदा करता रहा है। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने पहले ही वाशिंगटन के उकसावे के खिलाफ चेतावनी दी थी।

## शिकागो में हैलोवीन की रात गोलीबारी, तीन बच्चों समेत 15 लोग घायल

**शिकागो।** दक्षिण कोरिया के सियोल में हैलोवीन के हादसे से दुनिया अभी उबरी भी नहीं थी कि अमेरिका के शिकागो शहर में हैलोवीन की रात हुई गोलीबारी में तीन बच्चों समेत 15 लोग घायल हो गए। शिकागो पुलिस ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक शिकागो पुलिस अधीक्षक डेविड ब्राउन ने कहा कि इस घटना में तीन साल, 11 साल और 13 साल के तीन नाबालिग घायल हुए हैं। बाकी वयस्क हैं और उनकी आयु 30 से लेकर 50 साल है। इसके अलावा एक व्यक्ति कार की चपेट में आने से



घायल हो गया। शिकागो दमकल विभाग ने बताया कि उसने घटनास्थल पर कम से कम 10 एम्बुलेंस भेजी थी। ब्राउन ने कहा कि चलती कार से हमलावरों ने रात करीब साढ़े नौ बजे गोलीबारी की। यह घटना पुलिस के निगरानी कैमरे में कैद हो गई जिसे पुलिस खंगाल रही है। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि वीडियो में कम से कम दो हमलावर दिखाई दिए हैं। हालांकि, हमलावरों की संख्या इससे अधिक हो सकती है। वे भीड़ पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि घटना के पीछे के मकसद का अभी पता नहीं चला है। अभी किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है।

# पाकिस्तान में व्यापारिक क्षेत्र की हालत बदतर, चिता में कारोबारी

**इस्लामाबाद।** देश की राजनीतिक और आर्थिक स्थिति के कारण पाकिस्तानी उद्यमी अपने कारोबार की स्थितियों को लेकर निराशावादी होते जा रहे हैं। एक नए सर्वे में यह बात सामने आई है। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, गैलप पाकिस्तान बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स से पता चलता है कि 65 फीसदी कारोबारियों का मानना है कि उनके कारोबार खराब स्थिति का सामना कर रहे हैं। औद्योगिक मशीन व्यवसाय सभी प्रकार के व्यवसायों में से सबसे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनमें से 75 प्रतिशत का मानना है कि स्थितियां अच्छी हैं। डॉन ने सर्वे का हवाला देते हुए बताया कि कपड़े और गारमेंट की दुकानें सबसे खराब स्तर से जूझ रही हैं, जिनमें से 81 प्रतिशत ने कहा कि व्यवसाय की स्थिति खराब है। सर्वे के निष्कर्ष बताते हैं कि नेट फ्यूचर बिजनेस कॉन्फिडेंस स्कोर 2022 की शुरूआत से 50 प्रतिशत तक खराब हो गया है और अब 10 प्रतिशत पर है।

इस साल की शुरूआत की तुलना में, यह कहने वाले व्यवसायों की संख्या 32 प्रतिशत बढ़ गई है कि देश गलत दिशा में जा रहा है। पंजाब, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा में 15 फीसदी से भी कम कारोबारियों का मानना है कि देश सही दिशा में जा रहा है।



डॉन न्यूज ने गैलप पाकिस्तान के कार्यकारी निदेशक और गैलप पाकिस्तान बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स के मुख्य वास्तुकार बिलाल एजाज गिलानी के हवाले से कहा, 2022 की चौथी तिमाही के लिए गैलप बिजनेस कॉन्फिडेंस रिपोर्ट एक धूमिल तस्वीर पेश करती है। 2019 में गैलप ने परियोजना शुरू करने के बाद से सूचकांक मूल्य सबसे खराब हैं, जिसमें कोविड -19 बार शामिल है। उन्होंने कहा, यह रिपोर्ट पाकिस्तान द्वारा दशकों में सबसे भीषण बाढ़ का सामना करने के बाद आई है। व्यापारिक समुदाय सरकार द्वारा मजबूत और निर्णायक कदमों का इंतजार कर रहा है। 2022 की पहली तिमाही में किए गए सर्वे के निष्कर्षों के समान, नवीनतम सर्वे से पता चलता है कि मुद्रास्फीति सबसे अधिक उद्धृत समस्या बनी हुई है जिसे इस साल के अंत तक सरकार को हल करना चाहिए।

सर्वे में शामिल 72 प्रतिशत व्यवसायों ने बताया कि हर दिन बिजली की कटौती से जूझना पड़ता है। चौथी तिमाही में बिजली की कटौती का सामना करने वाले व्यवसायों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। सर्वे में दिखाया गया है कि एक दिन के भीतर लगभग 19 प्रतिशत व्यवसायों ने दो घंटे तक बिजली की कटौती का सामना किया है। बलूचिस्तान के अधिक व्यवसाय इस विचार से असहमत हैं कि अदालत प्रणाली किसी भी अन्य प्रांत की तुलना में निष्पक्ष और अनियंत्रित है, जैसा कि सर्वे के परिणामों से पता चला है।

# इमरान खान ने बांग्लादेश में मुजीबुर रहमान के संघर्ष का किया आह्वान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान ने असली आजादी के लिए अपने संघर्ष की तुलना बांग्लादेश के दिवंगत संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान से की और याद दिलाया कि वैध राजनीतिक जनादेश वाली एक राजनीतिक पार्टी द्वारा शासन के अधिकार से वंचित किए जाने के बाद देश दो भागों में विभाजित हो गया था। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री, जिनका लॉन्ग मार्च 28 अक्टूबर को शुरू हुआ था, उन्होंने गुजरांवाला में पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए ये टिप्पणी की।

अपने पांचवें दिन, मार्च अभी भी गुजरांवाला से आगे नहीं बढ़ पाया था, जो अपने निर्धारित समय से बहुत पीछे चल रहा था। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिभागियों को अपने संबोधन में, पीटीआई अध्यक्ष ने कहा कि अवामी लीग को उसके चुनावी जनादेश से वंचित कर दिया गया, जिसके कारण देश का पूर्वी भाग अलग हो गया। एक चालाक राजनेता (जुल्फिकार अली भुट्टो) ने सत्ता के अपने लालच में सशस्त्र बलों को तत्कालीन सबसे बड़ी पार्टी (बांग्लादेश की अवामी लीग) के खिलाफ खड़ा कर दिया और नतीजा यह हुआ कि देश का विभाजन हो गया। अवामी लीग के साथ पीटीआई की तुलना करते



**डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री, जिनका लॉन्ग मार्च 28 अक्टूबर को शुरू हुआ था, उन्होंने गुजरांवाला में पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए ये टिप्पणी की।**

हुए, खान ने कहा कि उनकी पार्टी सबसे बड़ी और एकमात्र संघीय पार्टी है और फिर भी उन्हें सरकार द्वारा नए चुनाव से वंचित कर दिया गया। हर कोई जानता है कि मुजीबुर रहमान और उनकी पार्टी ने 1970 में आम चुनाव जीता था। सत्ता सौंपने के बजाय, एक चतुर राजनेता ने अवामी लीग और सेना को टकराव के रास्ते पर खड़ा कर दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, नवाज शरीफ और आसिफ जरदारी समान भूमिका निभा रहे हैं। वे पीटीआई की सत्ता में वापसी को रोकने के लिए साजिश करने की कोशिश कर रहे हैं। रैली में बोलते हुए, खान ने नवाज शरीफ को चुनावी मुकाबले की चुनौती भी दी। उन्होंने कहा, नवाज शरीफ मैं आपको चुनौती देता हूं: जब आप वापस आएंगे तो मैं आपको आपके निर्वाचन क्षेत्र में हरा दूंगा।

# बेंजामिन नेतन्याहू का दावा-फिर इजराइल की कमान संभालेंगे, पार्टी बड़ी जीत की ओर

**जेरुशलम।** पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि वह 18 माह सत्ता से दूर रहने के बाद एक बार फिर इजराइल की कमान संभालेंगे। उन्होंने दावा किया कि हाल ही में हुए चुनावों की मतगणना में उनकी लिकुड पार्टी बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है।

इजराइल की राजनीति में बीते चार साल से लगातार उठापटक जारी है। पिछले चार साल में पांच बार चुनाव हो चुके हैं। पांचवीं बार हुए चुनावों के लिए हुए मतदान का परिणाम जानने के लिए वोटों की गिनती का काम चल रहा है। अब तक 70 प्रतिशत वोटों की गिनती हो चुकी है।

अब तक हुई गिनती के आधार पर नेतन्याहू ने दावा किया है कि उनकी दक्षिणपंथी लिकुड पार्टी शानदार जीत की ओर बढ़ रही है। पार्टी मुख्यालय में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि उनकी पार्टी ने इजराइल के लोगों का विश्वास जीत लिया है। चुनाव में उनकी पार्टी बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। मतदान के बाद इजराइल के टीवी चैनलों ने भी सर्वेक्षण कराया था, जिनमें नेतन्याहू और उनके सहयोगियों द्वारा नई सरकार बनाने के लिए जरूरी 61 सीटें जीतकर बहुमत पाने की बात कही गयी थी। नेतन्याहू ने अपने समर्थकों से अंतिम नतीजे आने तक इंतजार करने की बात कही है। चुनावों में जीत कर सरकार बनाने का नेतन्याहू का दावा सही साबित हुआ तो वे 18 माह बाद पुनः इजराइल के प्रधानमंत्री बनेंगे। इससे पहले वे 12 साल इजराइल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। पिछले साल मध्यमार्गी लैपिड उदारवादियों, दक्षिणपंथियों और अरब पार्टी के गठबंधन ने उनकी लिकुड पार्टी को परास्त कर सत्ता से बाहर कर दिया था। इजराइल में अरब वोट निर्णायक भूमिका में रहते हैं, लेकिन इस बार ये 20 फीसदी वोट तीन पार्टियों में बंट गए। इसलिए नेतन्याहू और उनकी पार्टी की जीत तय मानी जा रही है।